### गुस्ताखी माफ



आलू-गोभी-मटर हैं, मान-केजरीवाल।
राघव बंदे आपके, धनिया मिर्चे लाल।
धनिया मिर्चे लाल, नमक अजवायन जीरा।
बिना हमारे नहीं, बनेगी सब्जी वीरा।
कह साहिल कविराय, बात है अपने जी की।
सचमुच इनके बिना, रह गई सब्जी फीकी।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 106 | MONDAY 27-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER   Visit at : www.uturntime.com

# धन्नासेठों की आस्था की आढ़ में मौका प्रस्तों के मुनाफे का खेल ? लुधियाना में उठा बड़ा सवाल

लुधियाना/यूटर्न/26 अप्रैल। लुधियाना में कुछ समय पहले विदेशी धार्मिक टूर के दौरान शराब-शबाब का मामला काफी गमार्या था, अभी वह मामला शांत नहीं हुआ कि अब शहर के कुछ रसूखदारों पर विदेशी टूर के नाम पर अपनों को ही ठगने के आरोप लगने शुरू हो गए हैं। यह मामला सामने आने के बाद शहर के रसूखदारों में माहौल काफी गर्मा चुका है। दरअसल, शहर के धार्मिक स्थलों और संस्थाओं से जुड़े कुछ रसूखदार लोगों द्वारा पिछले सालों के दौरान विदेशी धार्मिक टूर आयोजित किए गए हैं।

चर्चा है कि इन टूर की टिकट के रेट ज्यादा बताकर प्रति व्यक्ति एक से सवा लाख रुपए तक की ठगी मार ली गई। यह ठगी किसी और से नहीं बल्कि शहर के ही धन्नासेठों के साथ की गई है। जिसमें ठगी का शिकार हुए ज्यादातर लोग कोई और नहीं बल्कि टूर ऑर्गनाइजर्स के ही रिश्तेदार, करीबी और दोस्त है। यह खुलासा स्टॉक एक्सचेंज कारोबारी और इन धार्मिक टूरों का हिस्सा रह चुके अशोक गुप्ता द्वारा सांझी की गई पोस्ट के बाद हुआ। वहीं इस हेरफेर का खुलासा होने के बाद कई धन्नासेठों पर भी फ्री में घूमने के चक्कर में ठगी मारने के आरोप लग रहे हैं। दरअसल, गुप्ता की और से इंडोनेशिया बाली के टूर पैकेज का पैम्फलेट बनाकर शेयर किया गया है। जिसमें टूर के दाम बाकी कंपनियों के मुकाबले करीब 74 हजार रुपए कम रखे गए हैं। जबकि पहले इन टूर का हिस्सा रहे लोगों का कहना है कि उनसे करीब ढ़ाई लाख रुपए प्रति व्यक्ति वसूल किए गए थे। मगर गुप्ता की पोस्ट के बाद यह जाहिर है कि टूर पर खर्च कम हुआ, लेकिन लोगों से वसूल ज्यादा करके सरेआम ठगी मार ली गई है। इस वजह से अब इन टूरों का हिस्सा रहे सभी लोग एक दूसरे को शक की नजर से देख रहे हैं।




### अल्ट्रा लग्जरी टूर मात्र 1.60 लाख रुपए में

*अशोक गुप्ता द्वारा सांझी की पोस्ट में उन्होंने बताया है कि इंडोनेशिया बाली का आठ दिन का अल्ट्रा लग्जरी टूर पैकेज दिया जा रहा है। पैम्फलेट में यह भी कहा गया है कि बाकी कंपनियों द्वारा जहां यह पैकेज 2.33 लाख 500 रुपए में दिया जा रहा है, वहीं गुप्ता द्वारा इसे 1.60 लाख रुपए प्रति व्यक्ति दिया जा रहा है। जिस पर तकरीबन 74 हजार रुपए का डिस्काउंट होगा।*




अशोक गुप्ता द्वारा शेयर किया गया पैम्फ्लेट

### पहले शराब-शबाब के भी लग चुके आरोप

बता दें कि शहर में धार्मिक स्थलों और संस्थाओं के साथ जुड़े कुछ लोगों द्वारा धार्मिक विदेशी टूर ऑर्गनाइज किए जाते हैं। जिसमें आस्था के नाम पर भगवान का नाम भी ले हो जाता है और छुटियां भी बीता ली जाती है। कई सालों से यह कार्य चल रहा है। जिसमें करीब 100 से 150 लोग कुछ दिनों के टूर पर ले जाए जाते हैं। इसमें क्रूज बुक की जाती है। जहां पर कुछ समय धार्मिक कार्यक्रम होता है और उसके बाद सभी मिलकर घूमते एन्जॉय करते हैं। हालांकि तब आरोप लगे थे कि क्रूज पर चिकन और शराब परोसी जाती है, जो कि विदेशी कल्चर में आम है। जिसके चलते यह आरोप लगे थे कि इस टूर में भी शराब और शबाब का प्रयोग हो रहा है। इस टूर पैकेज की शुरूआत तो अच्छी थी, लेकिन धीरे धीरे यह विवादों में घिर गया।

### ऑर्गनाइजर्स पर लगे ठगी के आरोप

इंडोनेशिया टूर के पैम्फलेट शेयर करने वाले अशोक गुप्ता भी पहले धार्मिक पैकेज देने वाली ऑर्गनाइज टीम का हिस्सा रह चुके हैं। आरोप है कि पहले ऑर्गनाइजर्स की और से पहले ऑफर दी जाती थी कि जो व्यक्ति चार और लोगों से पैकेज बुक करवाएगा, उसे फ्री ट्रिप दिया जाएगा। जिसकी एवज में दर्जनों लोगों ने इस ऑफर का फायदा भी उठाया। ऐसे में अब अशोक गुप्ता की पोस्ट के बाद यह चचाएं छिड़ रही है कि अगर सच में पैकेज इतना सस्ता था, तो इससे साफ जाहिर है कि पहले महंगाई कम थी, तो इससे भी सस्ता पैकेज ऑर्गनाइजर्स को मिलता होगा। लेकिन फिर भी प्रति व्यक्ति सवा दो से लेकर ढ़ाई लाख तक चार्ज किए जाते थे। जिसके बाद कई लोगों को फ्री टूर ऑफर हुए। ऐसे में ऑर्गनाइजर्स ने ठगी मारकर पैसा भी कमा लिया और खुद और अपने साथियों को फ्री फंड में घूमा भी लाए। जिसके चलते ठगी का शिकार लोग उन्हें ठग की नजर से देखने लग गए हैं।

### ठग कोई और, फ्री में घूमा कोई और, बदनाम धन्नासेठ हो गए

वहीं धार्मिक टूर पर कई धन्नासेठ अपनी कंपनी के लिए कई करीबियों को भी पैसे खर्च करके टूर पर ले जाते थे। कई लोग ऐसे हैं, जो 4-5 लोग साथ लेकर गए, लेकिन उन्होंने अपनी भी टिकट के पैसे दिए। लेकिन अब जब ठगी का खुलासा हुआ कि चार लोगों के साथ एक को फ्री का ऑफर दिया जाता था, तो धन्नासेठों को उनके जानकारों द्वारा शक की नजर से देखा जा रहा है। उन्हें लगता है कि धन्नासेठ ने खुद फ्री में जाने के चक्कर में उनके ज्यादा पैसे लगवा दिए। जिसके चलते धन्नासेठों के पास से गुजर रहे उनके जानकारों द्वारा ठग कहकर चुस्कियां ली जा रही है। यानि कि ठगी ऑर्गनाइजर्स ने मारी, फ्री में घूमे कोई और लोग, जबकि बदनाम धन्नासेठ हो गए। बता दें कि शहर के 90 प्रतिशत धन्नासेठ इस ग्रुप के साथ विदेशी टूर लगाकर आ चुके हैं।

## नगर निगम चंडीगढ़ की बड़ी कार्रवाई: अवैध कार बाजार और फेरीवालों पर चला अभियान, 24 उल्लंघनों पर एक्शन







चंडीगढ़/यूटर्न/26 अप्रैल। नगर निगम चंडीगढ़ ने शहर में अवैध व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार को विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। इस दौरान अवैध कार बाजार और बिना अनुमति के सड़क किनारे कारोबार करने वालों पर कार्रवाई करते हुए कुल 24 उल्लंघनों पर एक्शन लिया गया। नगर निगम की टीम ने सबसे पहले सेक्टर-13 मनीमाजरा स्थित कार बाजार में विशेष अभियान चलाया। यहां बिना पूर्व अनुमति के बिक्री के लिए खड़ी की गई 9 कारों को मौके पर ही जब्त कर लिया गया। निगम अधिकारियों के अनुसार ये वाहन नगर निगम के नियमों का उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से बेचे जा रहे थे।

इसके बाद देर शाम रायपुर खुर्द गांव में अवैध स्ट्रीट वेंडिंग के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान 15 अनधिकृत फेरीवालों को हटाया गया, उनका सामान जब्त किया गया और नगर निगम अधिनियम के तहत चालान भी जारी किए गए।

नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखने, बाजारों में व्यवस्था बनाए रखने और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं।

नगर निगम ने दोहराया कि शहर में किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि करने से पहले संबंधित अनुमति लेना अनिवार्य है। निगम ने नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे निर्धारित नियमों का पालन करें, ताकि अनावश्यक कार्रवाई से बचा जा सके।

# सात सांसदों के बागी होने के बाद पंजाब की राजनीति में तापमान बढा, कोई आक्रामक तो कोई रक्षात्मक मुद्रा में

अशोक सहगल

लुधियाना यूटर्न 26 अप्रैल। आम आदमी पार्टी के साथ राज्यसभा सांसदों के बाकी होकर भाजपा में शामिल होने की चचाओं के साथ ही पंजाब की राजनीति में तापमान बेहद बढ़ गया है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राघव चड्ढा के पार्टी छोड़ने के बाद भाजपा ज्वाइन करने से ही पंजाब की राजनीति में हलचल शुरू हो गई थी गौरतला भाई की 2022 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद राघव चड्ढा पंजाब में सबसे मजबूत लीडर बनकर सामने आए और टिकट के टिकटों के बंटवारे के समय और उसके बाद पार्टी की कैंपेन में उनकी काफी महत्वपूर्ण भूमिका रही परंतु इसके साथ-साथ ही पार्टी ने फंड कैसे जुटा और फंड कहां खर्च किए इसका सारा हिसाब किताब राघव चढ़ा के पास है बाकी हुए चढ़ा इस समय सभी अंदरूनी बातों को बाहर ला सकते हैं जो आपके लिए काफी नुकसान देह साबित हो सकती है यह भी कहा जाता है कि राघव चड्ढा के आप आम आदमी पार्टी के विरुद्ध दिए गए बयानों को झूठ लाना पार्टी के लिए काफी मुश्किल होगा झुकी वह राजनीति में सेंटर पॉइंट में रहे हैं इसलिए उनकी कही हुई बातों पर लोग जल्दी भरोसा कर लेंगे ऐसी संभावना जताई जा रही है।




## भाजपा का पंजाब पर एग्रेसिव मोड़ में...

भारतीय जनता पार्टी पंजाब में अपनी संभावित जीत को लेकर काफी एग्रेसिव मूड में दिखाई दे रही है भाजपा नेताओं का कहना है कि अगर उन्हें पिछले चुनाव से 10% अधिक वोट भी मिलते हैं तो पंजाब में हो सत्ता उनके पास चल कर आ जाएगी इसी संभावना के मध्य नजर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और BJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कह चुके हैं कि अकेले चुनाव लड़ेंगे। इस बारे में पॉलिटिकल एक्सपर्ट पूर्व डिप्टी डायरेक्टर प्रो. कृष्ण कुमार रत्तू कहते हैं- BJP बहुत एग्रेसिव ढंग से 2027 में पंजाब चुनाव पर वर्किंग कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डेरा सचखंड बल्लां आ चुके। डेरा ब्यास वालों से भी कई मंत्री मिल चुके। दूसरे डेरों से भी भाजपा की नजदीकियां पहले से बढी हैं। पूरा कम प्लानिंग के अनुसार हो रहा है भाजपा को विनिंग कैंडिडेट की तलाश ऐसे में पंजाब के विधायकों पर गिद्ध दृष्टि रखी जा रही चाहे वह किसी भी पार्टी से हो।

## विधायकों को लेकर बयान बाजी जारी

दो त्याही राज्यसभा सांसदों को भाजपा में शामिल करने के बाद अब अगला निशाना पंजाब के विधायकों पर लगाया जा रहा है और उसे लेकर कई तरह की चचाएं सामने आ रही है कभी कहा जा रहा है कि 63 विधायकों से उनकी बात चल रही है तो कभी कहा जाता है कि 48 विधायकों ने राघव चढ़ा के साथ जाने में अपनी सहमति दे दी है जबकि आम आदमी पार्टी के नेताओं का कहना है कि यह सिर्फ भ्रम फैलाया जा रहा है सभी विधायक पार्टी के साथ है और पूरी निष्ठा से अपना काम कर रहे है चर्चा तो यह भी चल रही है कि पंजाब में भी महाराष्ट्र की तरह एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे के बीच में जो चला उसे यहां रिपीट किया जा सकता है।

## भाजपा की की छवि में हो रहा सुधार

किसान आंदोलन के वक्त सिखों के एक वर्ग में भाजपा के प्रति निगेटिव सोच बनी, मगर अब ये बदल रही है। भाजपा ने कई सिख चेहरे आगे किए। पंजाब में बड़े नेताओं की स्टेज पर भी सिख चेहरे ज्यादा प्रमुखता से दिखते हैं। डिबेट में भी सिख चेहरे जोरदार ढंग से भाजपा का पक्ष रखते हैं। ये सब भाजपा की चुनावी तैयारियों का हिस्सा ही है।

## बीजेपी ने किया आप के आर्थिक फंड पर आघात

चुनाव लड़ने के लिए संगठन के साथ फंड भी बहुत जरूरी है। ताबड़तोड़ रैलियां, वर्करों-प्रचारकों के लिए इंतजाम के लिए पैसा चाहिए। शायद यही सोचकर अअढ ने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (LPU) के संस्थापक अशोक मित्तल, ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन राजिंदर गुप्ता और सन ग्रुप के मालिक विक्रमजीत साहनी को अपने साथ जोड़ा। कोई पॉलिटिकल बैकग्राउंड न होने के बाद भी उन्हें सीधे राज्यसभा में भेज दिया। अब 2027 मे भाजपा इनसे पार्टी फंड के नाम पर आर्थिक लाभ ले सकती है।

## अभी दिल्ली दूर

आम आदमी पार्टी पंजाब के नेताओं का कहना है कि भाजपा द्वारा किए जा रहे प्रयासों और पार्टी को तोड़ने की बातों को कोई अहमियत नहीं दी जा रही जो सपने पंजाब को लेकर देखे जा रहे हैं जरूरी नहीं कि वह पूरे हो जाए क्योंकि पंजाब में जमीनी स्तर पर काम किया जा रहा है इसलिए सत्ता में भाजपा का आना एक स्वप्न की तरह है उन्हें यह मानकर चलना चाहिए कि अभी दिल्ली दूर है ।

## पंजाब की टीम का कौन होगा कप्तान ?

कैप्टन अमरिंदर सिंह पंजाब के सबसे वरिष्ठ हैं, भाजपा उन्हें एक 'मार्गदर्शक' के रूप में इस्तेमाल करेगी। लेकिन उम्र और स्वास्थ्य की वजह से वे अब उतने सक्रिय नहीं हैं। बिट्टू इस वक्त भाजपा के सबसे 'हॉट फेवरेट' सिख चेहरे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते होने के नाते उनके पास एक विरासत है। वे युवा हैं, आक्रामक हैं। इसी वजह से लोकसभा चुनाव हारने के बावजूद उन्हें केंद्र में मंत्री बनाया। परंतु जिस आक्रामक छवि के साथ राघव सामने आए हैं यह भी कई रूप में मायने रखता है फिर जहां तक आम आदमी पार्टी के विधायक तोड़ने की बात है उसमें बीजेपी राघव चड्ढा को ही इफेक्टिव मान रही है इसलिए राघव चड्ढा को ही नई टीम के कप्तान के रूप में पेश किया जा सकता है लेकिन इसके साथ-साथ संदीप पाठक भी राजनीति में अपना वजन रखते हैं संदीप पाठक का अचानक पार्टी छोड़ना और भाजपा में जाना अअढ के लिए सबसे बड़ा झटका है। इसकी बड़ी वजह उनका पॉलिटिकल स्ट्रेटेजिस्ट होना है।2022 उनकी बनाई स्ट्रैटजी AAP के लिए कामयाब रही। टिकट बंटवारे से लेकर कैंपेन डिजाइन और फिर दिल्ली व पंजाब के नेताओं के बीच कोऑर्डिनेशन के साथ 92 विधायकों को संभालने में उनका बड़ा रोल रहा वह भी टीम में विशेष स्थान रखते हैं जबकि बिट्टू का कार्यकताओं से सीधा तालमेल कमी रहता है उनके बारे में मशहूर है कि वह कार्यकताओं का फोन तक नहीं उठाते पंजाब में 'सिख मुख्यमंत्री' की परंपरा को देखते हुए पार्टी किसी हिंदू चेहरे को आगे करने से बच सकती है, या फिर 'डिप्टी सीएम' का फॉमूर्ला अपना सकती है।

## कब-कब बदले भाजपा के लिए समीकरण

पंजाब के 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 6% ही वोट मिले। 2 साल बाद 2024 में लोकसभा चुनाव हुए तो 19% वोट मिले। इस बार यहां चार कोणीय मुकाबला बन रहा है। ऐसे में भाजपा अगर 12% वोट बढ़ा ले गई तो फिर वह जरूर चौंका सकती है।

**आरएसएस शुरू करेगी अभियान...** अब आगामी महीना में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पंजाब में व्यापक अभियान शुरू करने जा रही है इस सिलसिले में आरएसएस अलग-अलग वर्गों के लोगों के साथ मीटिंग में शुरू कर चुका है मीटिंग गांव में लोगों को केंद्र की भाजपा सरकार तथा प्रधानमंत्री मोदी के देश हित में लिए गए फैसलों जिन मे पंजाब के लिए किए गए कामों के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है मीटिंग होगा यह दौर शहरी इलाकों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी शुरू हो चुका बताया जा रहा है आगे आने वाले समय में इस दौर में और तेजी आ सकती है।

# राज्य सभा सांसद राजेंद्र गुप्ता ट्रेडंट और अशोक मित्तल एलपीयू के खिलाफ आप वर्करो ने फूंका पुतला

लुधियाना/यूटर्न/26 अप्रैल। आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा, संदीप पाठक, एलपीयू के मालिक अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, विक्रम साहनी और ट्राइडेंट ग्रुप के मालिक राजेंद्र गुप्ता द्वारा दो दिन पहले पार्टी को अलविदा कहते हुए कमल का फूल यानि कि भाजपा का हाथ पकड़ लिया है। लेकिन उनके पार्टी बदलने के बाद पंजाब की सियासत गर्मा गई है। आप पार्टी की वर्कर सड़कों पर हैं, जगह जगह पूतले फूकें जा रहे हैं। जमकर प्रदर्शन किए जा रहे हैं। यहां तक कि सात सांसदों को गद्दार का टैग दिया गया है। इसी के तहत रविवार को लुधियाना




और जालंधर में भी प्रदर्शन हुए। आप लीडरों और वर्करों द्वारा ट्राइडेंट के मालिक राजिंद्र गुप्ता के किचलू नगर स्थित घर और जालंधर एलपीयू के मालिक अशोक मित्तल की एलपीयू यूनिवर्सिटी और घर के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उनकी रिहायश और कारोबार की इमारतों पर



गद्दार लिख दिया गया। इस दौरान आप लीडरों ने कहा कि सातों सांसदों को पंजाब के विकास के लिए चयनित किया गया था। लेकिन सांसदों द्वारा बीच में ही पार्टी और विकास के कार्यो को छोड़कर राज्य की जनता के साथ धोखा किया गया है। पंजाब के लोग इसे कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगें। इस दौरान पंजाब की मिट्टी के गद्दार मुदार्बाद और बीजेपी सरकार मुदार्बाद के नारे लगाए गए। इस दौरान यह भी कहा गया कि नेताओं द्वारा अपने स्वार्थ की राजनीति के लिए पार्टियां बदल रहे हैं। रविवार को विधायक अशोक पराशर पप्पी, कुलवंत सिंह सिद्धू समेत कइयों ने प्रदर्शन किया।

## विधायकों की भूमिका कम आई नजर

बेशक आप पार्टी में बागी हुए लीडरों को लेकर रोष है। लेकिन दो दिन से हो रहे प्रदर्शनों में कहीं न कहीं लुधियाना के विधायकों की भूमिका कम देखने को मिल रही है। इन प्रदर्शनों में वर्कर ज्यादा मात्रा में हैं, जबकि विधायक कहीं कहीं नजर आ रहे हैं। वहीं जहां विधायक नजर आते हैं, तो वहां पर भी वे ज्यादा कुछ बोलने से गुरेज कर रहे हैं। हालांकि जहां पहले राघव चड्ढा ने दावा किया था कि 40 से 50 विधायक उनके टच में हैं। ऐसे में जनता इस बात को उससे जोड़कर देखा जा रहा है कि शायद उन 45 विधायकों में लुधियाना के कुछ एमएलए भी हो सकते हैं। इसी लिए लीडर ज्यादा कुछ बोलने से गुरेज कर रहे हैं।

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India



पेज 06 नाम-सुमिरन ही है मुक्ति का मार्ग: संत रमणीक बेदी

# स्क्रैप फैक्ट्री में धमाके के बाद लगी भीषण आग, तीन मजदूर जख्मी, सुरक्षा इंतजाम में दिखीं कमी



लुधियाना/यूटर्न/26 अप्रैल। लुधियाना के दोराहा क्षेत्र में गांव विशनपुर के पास स्थित ब्लैस ग्रीन स्टील प्राइवेट लिमिटेड स्क्रैप फैक्ट्री में शनिवार जोरदार धमाके के बाद भीषण आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बॉयलर फटने से धमाका हुआ, जिसके बाद आग तेजी से फैल गई और आसमान में धुएं का गुबार छा गया। बताया जा रहा है कि घटना के समय फैक्ट्री में वर्कर मौजूद थे। जिन्होंने 20 से 25 फीट ऊंची पाइप के सहारे से बाहर निकाला गया। हालांकि इस घटना में एक महिला समेत 7 फैक्ट्री वर्कर चपेट में आने से जख्मी हो गए। जिन्हें सीएमसी अस्पताल दाखिल कराया गया है। आग पर काबू पाने के लिए दोराहा, समराला, खन्ना समेत कई फायर स्टेशनों से दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। पास की एक निजी कंपनी की फायर ब्रिगेड ने भी राहत कार्य में सहयोग किया। इस दौरान करीब 25 फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से आग पर काबू पाया गया। अभी आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है। लेकिन आग लगने के कारण भारी नुकसान होने की संभावना है।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं होने के आरोप

उक्त फैक्ट्री में पुरानी कारों की स्क्रैप रखी जाती है। वहीं मौके पर इलाके के लोगों और फायर कर्मियों ने कहा कि ब्लैस ग्रीन स्टील प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं थे। जिसके चलते आग ज्यादा फैल गई। वहीं अगर वर्कर खुद किसी तरह अपना बचाव न करते तो जानी नुकसान हो सकता था। मौके पर पहुंचे विधायक मनविंदर सिंह ग्यासपुरा ने फैक्ट्री में सुरक्षा खामियों पर सवाल उठाए और मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। पुलिस और प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### फैक्ट्री में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

वहीं ब्लैस ग्रीन स्टील प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री के मालिक का कहना है कि यह प्लांट किसी भी प्रकार की फायर या बॉयलर आधारित प्रक्रिया नहीं चलाता है और यहां 100 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। कंपनी द्वारा कानूनी नियमों और प्रमाणपत्रों का पालन किया जा रहा है। पिछले सात वर्षों से यह प्लांट चल रहा है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। कंपनी प्रशासन जांच में पूरी तरह सहयोग कर रहा है।

# मौलीजागरां में बढ़ते अपराध पर पुलिस का बड़ा एक्शन, भारी पुलिस बल के साथ निकाला फ्लैग मार्च

## नशा तस्करों और असामाजिक तत्वों को थाना प्रभारी जसकरण सिंह की सख्त चेतावनी





अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/26 अप्रैल। मौलीजागरां थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं और असामाजिक गतिविधियों को देखते हुए चंडीगढ़ पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है। क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधियों में भय पैदा करने के उद्देश्य से थाना प्रभारी जसकरण सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च मौलीजागरां के सेंसेटिव एरिया में किया गया, जहां हाल के दिनों में चोरी, झगड़े, नशा तस्करी और अन्य आपराधिक वारदातों की घटनाएं सामने आ रही थीं। पुलिस की मौजूदगी से पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्त संदेश दिया गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस जवानों ने प्रमुख गलियों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त की। इस दौरान स्थानीय लोगों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने की अपील की गई। थाना प्रभारी जसकरण सिंह ने साफ शब्दों में कहा कि नशा तस्करों, शरारती तत्वों और क्षेत्र का माहौल खराब करने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी सतर्कता के साथ क्षेत्र पर नजर बनाए हुए है और किसी भी अवैध गतिविधि को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मौलीजागरां में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और जो भी व्यक्ति कानून तोड़ने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आने वाले दिनों में भी ऐसे फ्लैग मार्च, विशेष चेकिंग अभियान और नशा विरोधी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि आम जनता खुद को सुरक्षित महसूस कर सके और अपराधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय बाद क्षेत्र में इस तरह की सख्त पुलिस मौजूदगी देखने को मिली है, जिससे लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

# राज्यसभा सदस्यों के फैसले के खिलाफ डेराबस्सी में 'आप' का जोरदार प्रदर्शन

- बस स्टैंड पर पुतले जलाकर जताया विरोध, गद्दारी के खिलाफ नारेबाजी





डेराबस्सी/यूटर्न/26 अप्रैल। राज्यसभा के सात सदस्यों द्वारा भाजपा में शामिल होने के फैसले के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) हल्का डेराबस्सी की ओर से रविवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। बस स्टैंड डेराबस्सी पर आयोजित इस प्रदर्शन का नेतृत्व विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने किया।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में 'आप' कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। हाथों में बैनर और झंडे लेकर प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की और इसे पंजाब की जनता के साथ विश्वासघात करार दिया। इस दौरान गुस्साए कार्यकताओं ने कथित गद्दारों के पुतले भी जलाए, जिससे माहौल काफी गरमा गया।

विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने अपने संबोधन में कहा कि जिन प्रतिनिधियों को पंजाब की जनता ने भरोसे के साथ ऊंचे पदों पर पहुंचाया, उनका पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी में शामिल होना लोकतंत्र के साथ सीधा धोखा है। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल निंदनीय है, बल्कि पंजाब के अधिकारों और आत्मसम्मान पर भी चोट है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा से जनता के हकों और सच्चाई के साथ खड़ी रही है और आगे भी रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस तरह की घटनाएं जारी रहीं, तो पार्टी संघर्ष को और तेज करेगी और गांव-गांव व शहर-शहर लोगों को जागरूक किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान पार्टी कार्यकताओं ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि पंजाब के हकों की रक्षा के लिए यह लड़ाई लंबी लड़ी जाएगी और किसी भी कीमत पर जनता के विश्वास को टूटने नहीं दिया जाएगा।



Happy Birthday

Advocate Gaurav khurana Bagga

# पंचकूला पुलिस की कड़ी निगरानी में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा: डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने केंद्रों का किया निरीक्षण

## 32 केंद्रों पर पंचकूला पुलिस के 350 जवान व अधिकारी, क्राइम यूनिट्स व स्वायत टीम रही तैनात





पंचकूला/यूटर्न/26 अप्रैल। हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा आयोजित एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा पंचकूला जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुरक्षित वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। प्रदेशभर में 102 पदों के लिए आयोजित इस परीक्षा हेतु 8 जिलों में 337 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें से पंचकूला में 32 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए। परीक्षा को पारदर्शी एवं नकलमुक्त ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी केंद्रों पर व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, बायोमीट्रिक वेरिफिकेशन सिस्टम तथा जैमर लगाए गए थे, ताकि किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि पर पूर्ण रोक लगाई जा सके। पंचकूला पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के लिए 350 पुलिस जवानों व अधिकारियों की तैनाती की गई थी। इसके अलावा क्राइम यूनिट्स व स्वायत टीमों को भी संवेदनशील केंद्रों एवं आसपास के क्षेत्रों में मुस्तैद रखा गया था। पुलिस टीमों द्वारा लगातार गश्त कर परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून व्यवस्था बनाए रखी गई। परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह स्वयं विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे और मौके पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्क, अनुशासित एवं जिम्मेदारीपूर्वक ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा कि पंचकूला पुलिस निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर शांति व्यवस्था बनी रही और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई। पंचकूला पुलिस की सतर्कता, मजबूत सुरक्षा प्रबंधों एवं प्रशासनिक समन्वय के चलते एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा जिले में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

# फेरा डालने ससुराल पिहोवा पहुंचे पंजाब सीएम मान, पत्नी-बेटी साथ आईं; शादी के 4 साल बाद पहली बार आए



हरियाणा/यूटर्न/26 अप्रैल। पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) के सात राज्यसभा सांसदों के पार्टी छोड़ने को लेकर मचे घमासान के बीच मुख्यमंत्री भगवंत मान रविवार को पहली बार अपनी ससुराल हरियाणा के पिहोवा पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी गुरप्रीत कौर और दो साल की बेटी नियामत कौर भी आई। भगवंत मान शादी के 3 साल 9 महीने बाद फेरा डालने के लिए पहुंचे थे। वह अपनी ससुराल में करीब 2 घंटे रुके। इस दौरान उन्होंने लंच भी किया। इसके बाद मान पत्नी के पैतृक गांव मदनपुर चले गए। कुछ समय पहले मान के चाचा ससुर हरपाल सिंह का निधन हो गया था। मान ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिवार से मुलाकात की। यहां वह आधा घंटा रुके, फिर चंडीगढ़ रवाना हो गए।

# ट्राइसिटी में कारों से बैटरियां चुराने वाला आरोपी पंचकूला पुलिस के हत्थे चढ़ा: अवैध देशी कट्टा सहित गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

पंचकूला/यूटर्न/26 अप्रैल। पंचकूला पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह के दिशा-निर्देश में क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने ट्राइसिटी क्षेत्र में कारों से बैटरियां चोरी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को अवैध देशी कट्टा सहित काबू किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सोनू गोयल निवासी गोविंद विहार, बलटाना जिला मोहाली (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी चोरी की वारदातों को अंजाम देने तथा क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने इंचार्ज एसआई मुकेश सैनी के नेतृत्व में सेक्टर-14 क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। इसके अलावा आरोपी की एक्टिवा स्कूटी से चोरी की 4 बैटरियां बरामद की गईं। आरोपी बैटरियों के संबंध में कोई वैध दस्तावेज या संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं कर सका। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी नशे का आदी है और अपनी नशे की जरूरत पूरी करने के लिए ट्राइसिटी क्षेत्र में खड़ी कारों से बैटरियां चोरी करता था। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-14 पंचकूला में आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। दौराने पूछताछ आरोपी ने कई महत्वपूर्ण खुलासे किए हैं तथा चोरी और अवैध हथियार से जुड़े स्थानों की निशानदेही भी करवाई है। आरोपी के अन्य आपराधिक रिकॉर्ड व वारदातों की भी जांच की जा रही है। आज आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा कि पंचकूला पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखेगी और ट्राइसिटी क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।




# नगर परिषद जगरांव में प्रशासनिक गतिरोध

## नियमों की अनदेखी पर भड़के सफाई कर्मचारी, शहर में 'कूड़ा संकट' गहराया

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न26/अप्रैल। नगर परिषद जगरांव में नियमों की अवहेलना और प्रशासनिक ढुलमुल रवैये के कारण हालात बदतर होते जा रहे हैं। म्यूनिसिपल एक्ट के प्रावधानों को लागू करने में कार्य साधक अधिकारी (EO) की विफलता ने सफाई कर्मचारियों के आक्रोश की आग में घी डालने का काम किया है। अपनी मांगों को लेकर सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे रहे, जिससे शहर की स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।



### क्यों ठप हुआ कामकाज?

**नियमों की धज्जियां:** कर्मचारियों का आरोप है कि म्यूनिसिपल एक्ट के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के बावजूद अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं और पारदर्शी प्रणाली को नजरअंदाज किया जा रहा है।

**प्रशासनिक विफलता:** हड़ताल के दूसरे दिन भी प्रशासन की ओर से कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया, जिससे कर्मचारियों में भारी रोस है।

**शहर की दुर्दशा:** सफाई व्यवस्था ठप होने से गलियों और मुख्य मार्गों पर कूड़े के ढेर लग गए हैं, जिससे महामारी फैलने का डर बना हुआ है।

### 'अधिकारों और न्याय की लड़ाई'

सफाई यूनियन के नेताओं ने दो टूक शब्दों में कहा कि यह हड़ताल केवल वेतन या सुविधाओं के लिए नहीं, बल्कि सिस्टम में व्याप्त भ्रष्टाचार और नियमों के उल्लंघन के खिलाफ है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने तुरंत संज्ञान नहीं लिया, तो इस संघर्ष को और अधिक तेज किया जाएगा।

*'जब तक म्यूनिसिपल एक्ट के तहत हमारी जायज मांगें नहीं मानी जातीं और अधिकारियों की मनमानी बंद नहीं होती, हम काम पर वापस नहीं लौटेंगे।'*

*- यूनियन प्रतिनिधि*

### मौके पर मौजूद नेतृत्व

इस विरोध प्रदर्शन में सफाई और सीवरमैन यूनियन के प्रमुख पदाधिकारी शामिल रहे, जिनमें मुख्य रूप से:

**सफाई यूनियन:** सचिव राजिंदर कुमार, चेयरमैन बुद्ध राम, उपाध्यक्ष सन्नी, सुंदर, संदीप कुमार, भूषण गिल, बिक्रम गिल।

**महिला शक्ति:** आशा रानी, नीना, मिसरो देवी।

**सीवरमैन यूनियन:** अध्यक्ष राज कुमार, बलविंदर कल्याण, डिंपल और समस्त स्टाफ।

निष्कर्ष

कार्य साधक अधिकारी की चुप्पी और प्रशासन की बेरुखी ने स्थिति को तनावपूर्ण बना दिया है। यदि समय रहते बातचीत के जरिए रास्ता नहीं निकाला गया, तो आने वाले दिनों में जगरांव के निवासियों को भारी स्वास्थ्य और प्रशासनिक संकट का सामना करना पड़ सकता है।

प्रशासन के लिए अब यह साख का सवाल बन चुका है: क्या वे नियमों का पालन करेंगे या शहर को कूड़े के ढेर में तब्दील होने देंगे?

चंड़ीगढ़

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05  सोमवार, 27 अप्रैल 2026



पेज 12 हाईटेक सॉफ्टवेयर से लैस होगी पंजाब पुलिस...

## 'सिटी ब्यूटीफुल' की सड़कें बदहाल: रामदरबार फेस-2 में स्कूल के सामने गड्ढों से हादसे का खतरा







चंडीगढ़/यूटर्न/26 अप्रैल। चंडीगढ़ को 'सिटी ब्यूटीफुल' के नाम से जाना जाता है, लेकिन रामदरबार फेस-2 स्थित गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल के सामने की सड़क इस दावे पर सवाल खड़े कर रही है। सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि बड़े-बड़े गड्ढे राहगीरों और स्कूली बच्चों के लिए खतरा बन गए हैं।

हर दिन स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चे, उनके अभिभावक और स्थानीय निवासी इसी जर्जर सड़क से गुजरने को मजबूर हैं। सड़क पर बने गहरे गड्ढे न केवल आवाजाही में परेशानी पैदा कर रहे हैं, बल्कि किसी भी समय बड़े हादसे की आशंका भी बढ़ा रहे हैं। बारिश के दिनों में हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। गड्ढों में पानी भर जाने से यह पहचानना मुश्किल हो जाता है कि सड़क कहां खत्म होती है और गड्ढा कहां शुरू होता है। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह रास्ता बेहद खतरनाक साबित हो रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर पहले भी प्रशासन को कई बार शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन स्थायी समाधान की बजाय केवल औपचारिकता निभाई गई। कुछ समय के लिए गड्ढों में मिट्टी डालकर मामला शांत कर दिया गया, जो पहली ही बारिश में बह गई। अब स्थिति पहले से भी अधिक खराब हो चुकी है। सोशल वर्कर अरविंद सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि इस सड़क की तुरंत मरम्मत करवाई जाए और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में लोगों को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ सड़क की समस्या नहीं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा और आम जनता की जान-माल से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि 'सिटी ब्यूटीफुल' का नाम केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि जमीनी स्तर पर भी इसकी झलक दिखाई दे। रामदरबार फेस-2 की इस सड़क की तत्काल मरम्मत कर जनता को राहत दी जाए।

## फंक्शन के दौरान ट्रंप से कुछ ही गज की दूरी पर गोलीबारी; राष्ट्रपति सुरक्षित, आरोपी गिरफ्तार

चंडीगढ़/यूटर्न/26 अप्रैल। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शनिवार को वाशिंगटन के हिल्टन होटल में डिनर में शामिल थे, तभी लॉबी में गोलीबारी हुई। सीक्रेट सर्विस ने तुरंत ट्रंप, फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। किसी को चोट नहीं आई। सुरक्षाकर्मियों ने तेजी से सभी को बाहर निकाला, जबकि मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोग सुरक्षित जगहों की ओर भागे। कार्यक्रम में रक्षा सचिव पीट हेगसेथ और विदेश सचिव मार्को रूबियो भी मौजूद थे। आरोपी की पहचान 31 वर्षीय कोल थॉमस एलन के रूप में हुई है, जिसे मौके पर ही काबू कर लिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उसने व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के बाहर सुरक्षा चौकी की ओर बढ़कर गोलीबारी की। उसने







अधिकारियों को निशाना बनाने की बात कही, लेकिन किसी विशेष व्यक्ति या ट्रंप को लक्ष्य बनाने की पुष्टि नहीं हुई।

### राष्ट्रीय त्रासदी को अंजाम देना था

सीक्रेट सर्विस के अनुसार, हमलावर एक 'राष्ट्रीय त्रासदी' को अंजाम देना चाहता था, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था ने उसे तुरंत रोक लिया। इस बीच, FBI ने कैलिफोर्निया के टॉरेंस स्थित एलन के घर पर छापा मारा। बख्तरबंद गाड़ियों और एजेंटों की मौजूदगी में देर रात कार्रवाई की गई। यह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम उस समय बाधित हो गया, जब हमलावर ने सुरक्षा घेरा तोड़कर बॉलरूम के पास गोलीबारी कर दी।

## डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड पर NGT सख्त, नगर निगम से मांगी चार हफ्ते में विस्तृत रिपोर्ट



चंडीगढ़/यूटर्न/26 अप्रैल। डड्डूमाजरा स्थित डंपिंग ग्राउंड से फैल रहे प्रदूषण और कचरा प्रबंधन में लापरवाही को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने चंडीगढ़ नगर निगम को कड़ी फटकार लगाई है। ट्रिब्यूनल ने स्पष्ट किया कि डंपिंग साइट से उत्पन्न प्रदूषण शहरवासियों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुका है और इस मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह मामला एक समाचार रिपोर्ट के आधार पर एनजीटी के संज्ञान में आया, जिसमें डंपिंग साइट से निकलने वाले प्रदूषण, बदबू और पर्यावरणीय खतरे को उजागर किया गया था। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव (अध्यक्ष) और डॉ. अफरोज अहमद (विशेषज्ञ सदस्य) की पीठ ने की। सुनवाई के दौरान नगर निगम अधिकारियों ने ट्रिब्यूनल को बताया कि डंपिंग साइट पर कई सुधारात्मक कार्य किए जा चुके हैं। इनमें बाउंड्री वॉल की मरम्मत, लीचेट प्रबंधन के लिए आरसीसी नालियों का निर्माण और पुराने कचरे यानी लेगेसी वेस्ट के बायोरिमेडिएशन कार्य का अंतिम चरण शामिल है। नगर निगम ने दावा किया कि साइट पर मौजूद संपूर्ण कचरे का निस्तारण 30 अप्रैल तक पूरा कर लिया जाएगा। हालांकि, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की निरीक्षण रिपोर्ट में कई गंभीर खामियां सामने आईं। इनमें लीचेट का सही प्रबंधन न होना,

## फ्यूचर फॉरवर्ड थिंकर सम्मान से नवाजे गए लक्ष्मी एसोसिएट्स के मेहरा




लुधियाना/यूटर्न/26 अप्रैल। लक्ष्मी एसोसिएट्स के विशाल मेहरा ने उदयपुर में आयोजित Deep Pneumatics के प्रतिष्ठित DRISHTI 3.0 कॉन्फ्रेंस में "Future Forward Thinker" अवार्ड जीतकर पंजाब का नाम रोशन किया। यह सम्मान उन्हें पंजाब के बेस्ट डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि विशाल मेहरा ने दिसंबर 2024 में लक्ष्मी एसोसिएट्स के साथ Deep Pneumatics का



वितरण कार्य शुरू किया और मात्र 4 महीनों में ही — दिसंबर से मार्च तक — पूरे वर्ष का निर्धारित लक्ष्य हासिल कर लिया। Deep Pneumatics के एयर कंप्रेसर, एयर ट्रीटमेंट उपकरण और ढरअ गैस जनरेटर औद्योगिक क्षेत्र में व्यापक रूप से उपयोग होते हैं। यह उपलब्धि उनके दूरदर्शी विजन, अथक परिश्रम और उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# गुरदेव देबी ने राम ईश्वर लिंग जी महाराज से लिया आशीर्वाद



Happy Marriage



Ritanshu and Priya

Congratulations Khurana Family

लुधियाना/यूटर्न/26 अप्रैल। पंजाब भाजपा के कोषाध्यक्ष गुरदेव शर्मा देबी ने उत्तराखंड स्थित पवित्र केदारनाथ धाम के प्रसिद्ध श्री ईश्वर लिंग हीरेमठ जी महाराज (श्री केदारनाथ, ऊखीमठ) के प्रिय शिष्य राम ईश्वर लिंग जी महाराज से लुधियाना प्रवास के दौरान विशेष भेंट कर आशीर्वाद लिया। देबी ने धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण में हुई मुलाकात को श्रद्धा और आस्था का प्रतीक बताते हुए कहा संतो के दर्शन कर उन्हें आध्यात्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति हुई। राम ईश्वर लिंग जी महाराज ने भी गुरदेव शर्मा देबी को समाज हित और जनसेवा के कार्यों को निष्ठा एवं ईमानदारी से जारी रखने का संदेश देते हुए गुरदेव शर्मा देबी के उज्जवल राजनितिक भविष्य की कामना भी की।

# नाम-सुमिरन ही है मुक्ति का मार्ग : संत रमणीक बेदी











लुधियाना/यूटर्न/26 अप्रैल। श्री राम शरणम् मंदिर, श्री राम पार्क में आयोजित साप्ताहिक सत्संग में संत रमणीक बेदी जी ने कहा कि राम नाम की महिमा अपरंपार है। वेद, पुराण और संतों की वाणी ने बार-बार यही दोहराया है कि राम नाम इस लोक और परलोक दोनों में मनुष्य का सच्चा सहारा है।

श्री स्वामी सत्यानंद जी महाराज के वचनों का उल्लेख करते हुए उन्होंने समझाया कि यह तारक मंत्र संसार के समस्त कष्टों का नाश करने वाला और मनोवांछित फल देने वाला है। संत जी ने कहा कि परमात्मा और उनके नाम में रत्तीभर भी भेद नहीं — नाम केवल शब्द नहीं, बल्कि जीव को ब्रह्म से जोड़ने वाला सेतु है। निरंतर नाम जप से साधक के भीतर दिव्य प्रकाश और अनहद शब्द का अनुभव होता है, जो उसे भवसागर से पार उतारता है। साधना का सच्चा मार्ग गुरु-मुख होकर ही मिलता है।

विशेष सूचना: 3 मई, रविवार को संत नरकेवल बेदी जी महाराज के 9वें निर्वाण दिवस पर श्री राम शरणम् में प्रातः 8:30 से 10 बजे तक पुष्पांजलि व भजन-कीर्तन का आयोजन होगा।

# फिट बाइकर क्लब ने 5वां खूनदान कैंप लगाया, 40 यूनिट इकत्र हुए

## खूनदान कैंप सबसे बड़ी इंसानी सेवा, हर इंसान को सेवा करनी चाहिए- सचदेवा



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/26 अप्रैल। समाज सेवा के क्षेत्र में एक और अहम कदम उठाते हुए फिट बाइकर क्लब ने बुलावाड़ी स्थित सचदेवा स्टॉक्स के हेड ऑफिस में 5वां खूनदान कैंप सफलतापूर्वक लगाया, इस कैंप का उद्घाटन वर्धमान टेक्सटाइल के फाइनेंस डायरेक्टर तरुण चावला ने किया, इस मौके पर उनकी पत्नी प्रिया चावला भी खास तौर पर मौजूद रही। कैंप के दौरान फिट बाइकर क्लब के प्रधान परमजीत सिंह सचदेवा ने कहा कि खूनदान कैंप सबसे बड़ी इंसानी सेवा है और इससे कई जानें बचाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि क्लब समय-समय पर ऐसे कैंप लगाकर लोगों को जागरूक कर रहा है ताकि हर इंसान समाज के प्रति अपनी जिंमेवारी समझे और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आए, इस कैंप के दौरान शिवालिक हाइकिंग एंड ट्रेकिंग क्लब के मेंबर्स ने भी खास योगदान दिया।

## रूह से रूबरू




चारू नागपाल

# ट्रम्प पर गोली चली या फिर लोकतंत्र की नींव हिली?

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति Donald Trump पर गोली चलने की घटना केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चेतावनी मानी जा सकती है। ऐसी घटनाएँ यह संकेत देती हैं कि समाज में राजनीतिक ध्रुवीकरण और असहिष्णुता बढ़ रही है। जब विचारों के मतभेद संवाद और बहस के बजाय हिंसा तक पहुँच जाते हैं, तो यह लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करता है। यह घटना यह भी दर्शाती है कि सोशल मीडिया और गलत सूचनाओं का प्रभाव लोगों के सोचने के तरीके पर गहरा असर डाल रहा है। लोग अपने विचारों में इतने कठोर हो जाते हैं कि विरोधी विचार को स्वीकार करना मुश्किल हो जाता है। परिणामस्वरूप, तनाव और आक्रोश बढ़ता है। इसके अलावा, यह सुरक्षा व्यवस्था और राजनीतिक नेताओं की सुरक्षा पर भी सवाल उठाती है। किसी भी देश में नेताओं की सुरक्षा केवल उनकी व्यक्तिगत रक्षा नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की रक्षा भी होती है। यह घटना हमें याद दिलाती है कि असहमति होना स्वाभाविक है, लेकिन उसका समाधान शांतिपूर्ण संवाद से ही संभव है। हिंसा कभी भी किसी समस्या का समाधान नहीं होती, बल्कि नए संकटों को जन्म देती है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Second Marriage कब illegal होती है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

समाज में कई बार यह भ्रम रहता है कि दूसरी शादी करना हमेशा गैरकानूनी है, जबकि कानून कुछ परिस्थितियों में ही इसे अपराध मानता है।

यदि कोई व्यक्ति अपनी पहली शादी के रहते हुए, बिना तलाक लिए दूसरी शादी करता है, तो यह Bigamy कहलाता है और अब यह अपराध भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत दंडनीय है (पहले यह भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 494 में था)। हिंदू विवाह कानून (Hindu Marriage Act) के अनुसार, विवाह तभी वैध माना जाता है जब दोनों पक्ष अविवाहित हों या उनकी पूर्व शादी कानूनी रूप से समाप्त (divorce या spouse की मृत्यु) हो चुकी हो। उदाहरण के तौर पर, यदि पति-पत्नी का आपस में विवाद चल रहा है और वे अलग रह रहे हैं, लेकिन अभी तक तलाक नहीं हुआ है, तो इस दौरान दूसरी शादी करना गैरकानूनी होगा। हालांकि, यदि पहली शादी कानूनी रूप से समाप्त हो चुकी है—जैसे तलाक हो गया हो या जीवनसाथी का निधन हो चुका हो—तो दूसरी शादी पूरी तरह वैध होती है।

कुछ मामलों में लोग "custom" या "religion" के आधार पर भ्रमित हो जाते हैं, लेकिन अधिकांश परिस्थितियों में बिना पहली शादी खत्म किए दूसरी शादी करना अपराध ही माना जाएगा। कई बार यह भी देखा जाता है कि दूसरी शादी छुपाकर की जाती है, जिससे बाद में कानूनी विवाद और गंभीर हो जाते हैं।

निष्कर्ष : पहली शादी के रहते हुए दूसरी शादी करना आज भी कानूनन अपराध है। केवल कानून का नाम और धारा बदली है, नियम और सिद्धांत वही बने हुए हैं।

# ढकोली की अंबेडकर कॉलोनी में जल संकट गहराया, 15 दिन से 500 परिवार परेशान



जीरकपुर/यूटर्न/26 अप्रैल। भीषण गर्मी के बीच ढकोली क्षेत्र की अंबेडकर कॉलोनी में जल संकट लगातार गहराता जा रहा है। वार्ड नंबर-6 में करीब 500 परिवार पिछले 15 दिनों से पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि लोगों को अपनी प्यास बुझाने के लिए पड़ोसी शहर पंचकूला से पानी लाना पड़ रहा है। नगर परिषद की कथित लापरवाही से गुस्साए लोगों ने अब हाईवे जाम करने की चेतावनी दे दी है।

### काम-काज ठप, रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित

भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच पानी की कमी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। कॉलोनी वासियों का कहना है कि पानी न होने से घरेलू कामकाज पूरी तरह ठप हो गए हैं। कपड़े धोने और साफ-सफाई तो दूर, पीने के पानी का इंतजाम करना भी मुश्किल हो गया है। बच्चों और बुजुर्गों की हालत सबसे ज्यादा खराब बताई जा रही है।

स्थानीय निवासी सुनील, सूरज और हरि शंकर ने रोष जताते हुए कहा कि शिकायत करने पर एक दिन पानी दिया जाता है, लेकिन अगले ही दिन फिर से सप्लाई बंद हो जाती है।

Uturn Time 27 Apr 2026_Layout 2 26-04-2026 22:49 Page 7



# लुधियाना में करियर समिट का आयोजन, काउंसलर आयुष ने छात्रों को दी सही चुनाव की सलाह



लुधियाना/यूटर्न/26 अप्रैल। लुधियाना में टीम आयुष जैन द्वारा एसएचसीएस एजुकेशन समिट 3.0 का भव्य आयोजन सराभा नगर स्थित सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल में किया गया। इस करियर फेस्ट में शहर भर से बड़ी संख्या में अभिभावकों और छात्रों ने भाग लिया। खासतौर पर 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए सही करियर चयन को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम के दौरान करियर काउंसलर आयुष जैन ने अपनी करियर सर्वाइवेबिलिटी थ्योरी प्रस्तुत की। उन्होंने छात्रों को उनकी क्षमता, रुचि और वर्तमान अवसरों के अनुसार सही संस्थान चुनने पर जोर दिया। इस मौके पर एक टॉप यूनिवर्सिटी मीट का भी आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक यूनिवर्सिटीज, 15 से ज्यादा देशों के शिक्षण संस्थान और भारत के शीर्ष कॉलेजों ने भाग लिया। छात्रों को एडमिशन टीम के साथ सीधे संवाद करने और अपने करियर से जुड़े सवालों के जवाब पाने का अवसर मिला।इस करियर फेयर में कुल 800 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 200 से अधिक छात्र बीसीएम आर्य, एसपीएम, डीपीएस, मानव रचना सहित अन्य स्कूलों से पहुंचे। आयुष जैन ने कहा कि आज के समय में करियर चुनना सिर्फ डिग्री हासिल करना नहीं है, बल्कि सही दिशा में आगे बढ़ना है।

# अकाली दल वारिस पंजाब दे की ओर से लुधियाना में विशाल पंथक एकत्रता का आयोजन



लुधियाना/यूटर्न/26 अप्रैल। अकाली दल वारिस पंजाब दे की ओर से सांसद भाई अमृतपाल सिंह को वर्ष 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों में मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाया जाएगा और दो उपमुख्यमंत्री भी बनाए जाएंगे। यह घोषणा पार्टी के सरपरस्त बापू तरसेम सिंह ने लुधियाना में आयोजित विशाल पंथक एकत्रता को संबोधित करते हुए की। रविवार पार्टी को लुधियाना में भारी समर्थन मिला, जब बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी के साथ मुंडियां कला, 33 फुटा रोड पर एक विशाल पंथक एकत्रता का आयोजन किया गया। पार्टी के वरिष्ठ नेता गुरप्रीत सिंह सोनू द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में संगठन के सरपरस्त बापू तरसेम सिंह मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए, बापू तरसेम सिंह ने कहा कि भाई अमृतपाल सिंह पार्टी की ओर से विधानसभा चुनावों में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे और दो उपमुख्यमंत्री बनाए जाएंगे, जो हिंदू और दलित समुदाय से होंगे। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा, एडवोकेट इंदरजीत सिंह, जसबीर सिंह लुधियाना, शुभम शर्मा, जसवंत सिंह चीमा, रोशन सिंह सागर, संदीप रुपालो, सुरजीत सिंह, गुरविंदर सिंह, परमिंदर सिंह, कमलजीत सिंह, जुगराज सिंह, नरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# शंघाई में 'चाइना साइकिल शो 2026' में भाग लेने जाएगा फिको का 56 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल




लुधियाना/यूटर्न/26 अप्रैल। फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गनाइजेशन (FICO) का 56 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल चाइना साइकिल शो 2026 में भाग लेने के लिए शंघाई, चीन जाएगा। यह प्रदर्शनी 4 से 8 मई तक आयोजित होगी और साइकिल उद्योग की दुनिया की प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों में से एक मानी जाती है।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व फिको के आयोजन सचिव अशप्रीत सिंह साहनी करेंगे, जबकि हरपाल सिंह भंबर डिप्टी लीडर होंगे। फिको के प्रधान गुरमीत सिंह कुलार और महासचिव मंजिंदर सिंह सचदेवा भी इसमें शामिल रहेंगे। कुलार ने बताया कि 1990 में शुरू हुआ यह शो अब चीन का सबसे बड़ा पेशेवर साइकिल प्लेटफॉर्म बन चुका है, जहां उद्योग से जुड़े निमार्ता, निर्यातक और विशेषज्ञ एक साथ आकर नए ट्रेंड, तकनीक और व्यापारिक अवसरों पर चर्चा करते हैं। इस प्रतिनिधिमंडल में आदिश गर्ग, दीवांशु आनंद, संदीप चौधरी, वरुण कपूर, आदित्य गुप्ता, संजीव कुमार गुप्ता, अखिल भंडारी, संचित भंडारी, अमरवीर सिंह, भूपिंदर सिंह, हरप्रीत सिंह, चरणजीत सिंह, खुशप्रीत सिंह, प्रमोद कुमार, निखिल भगत, राजेश गिरधर, दिनेश गोयल सहित अन्य सदस्य भी शामिल हैं। दौरे का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई संभावनाओं की तलाश और व्यापारिक संबंधों को मजबूत करना है।

# लुधियाना में विशेष बाल चिकित्सा शिविर, 150 बच्चों की जांच से जागी उम्मीद




लुधियाना/यूटर्न/26 अप्रैल। SPS Hospitals में आयोजित विशेष बाल चिकित्सा शिविर ने 150 बच्चों की जांच कर एक सराहनीय पहल पेश की। यह शिविर ऑटिज्म स्वीकृति माह और जन्मजात हृदय रोग (CHD) जागरूकता के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों में बीमारियों की समय रहते पहचान करना था। 'टुगेदर फॉर टाइनी हार्ट्स' पहल के तहत आयोजित इस कैंप में बाल रोग, दंत, ईएनटी और पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी सहित कई विशेषज्ञों ने सेवाएं दीं। बच्चों की मुफ्त एउल्टड स्क्रीनिंग भी की गई, जिससे हृदय संबंधी समस्याओं का शुरूआती स्तर पर पता लगाया जा सके।

इस पहल में OTT Foundation ने रणनीतिक सहयोग दिया, जबकि विशेषज्ञ मार्गदर्शन डॉ. नवदीप सिंह द्वारा किया गया। शिविर में आए अभिभावकों ने इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए बेहद जरूरी हैं। इस सफल आयोजन ने यह साबित किया कि सामूहिक प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाया जा सकता है। यह पहल न केवल जागरूकता बढ़ा रही है, बल्कि बच्चों के समय पर इलाज और बेहतर जीवन की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

# विनीत सरीन ने बठिंडा जेल में लगवाया आर ओ, मिला प्रशंसा पत्र



दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/26 अप्रैल। समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले अमृतसर के डॉ. विनीत सरीन समय समय पर मौसम के मुताबिक अपने ढंग से समाज सेवा के कार्य करते रहते हैं। इस वर्ष की शुरूआत में सर्दी के दिनों में उन्होंने कई जरूरतमंद लोगों को गरम कपड़े, शॉल, बूट जराबें आदि चीजें अपने पास से बांटी थी। ऐसे ही वह कई समाज सेवा के कार्य करते रहते हैं। समाज सेवा की इसी श्रृंखला में अखिल भारतीय ह्यूमन राइट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ विनीत सरीन और उनके समर्थकों ने इस बार बठिंडा सेंट्रल जेल में 250 लीटर का कमर्शियल आर ओ लगवाया। इस अवसर पर बठिंडा सेंट्रल जेल के सुपरिंटेंडेंट हेमंत शर्मा सीपीएस, नवदीप राजा पीपीएस, असिस्टेंट जेल सुपरिंटेंडेंट बठिंडा और जेल प्रशासन द्वारा उन्हें इस सराहनीय कार्य के लिए एक प्रशंसा पत्र भी दिया गया। इस मौके पर वूमेन विंग पंजाब प्रेसिडेंट डॉली हांडा, दिनेश माहेश्वरी स्टेट सेक्ट्री , मनीष पोद्दार स्टेट एडवाइजर, मैडम अनु आदि भी मौजूद थे।

Uturn Time 27 Apr 2026_Layout 2 26-04-2026 22:49 Page 8



# राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष ने प्रकोष्ठों की बैठक में दिए संगठन सुदृढ़ीकरण के मंत्र




चंडीगढ़/यूटर्न/26 अप्रैल। भारतीयचंडीगढ़ प्रदेश कार्यालय सेक्टर-33 कमलम में आज दिनांक 26 अप्रैल को राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष द्वारा प्रकोष्ठों की महत्वपूर्ण बैठक ली गई।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा, प्रदेश महामंत्री रामवीर भट्टी, संजीव राणा, मीडिया प्रभारी रवि रावत, सोशल मीडिया इंचार्ज महेंद्र निराला, आईटी इंचार्ज शिवेंद्र मंडोतरा सहित मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के संयोजक शक्ति प्रकाश देवशाली, सह-संयोजक रमेश सहोड़ तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजक उपस्थित रहे।

बैठक में प्रोफेशनल प्रकोष्ठ के संयोजक राकेश भल्ला, ट्रेडर्स प्रकोष्ठ के बलजिंदर गुजराल, उत्तराखंड प्रकोष्ठ के भूपेंद्र शर्मा, इकोनॉमिक्स प्रकोष्ठ के नवीन कुमार सोनी, लीगल प्रकोष्ठ के रंजन लोहान, इंडस्ट्री प्रकोष्ठ के अरुण गोयल, मेडिकल प्रकोष्ठ के ललित तकियार के साथ उनके प्रभारी डॉ. संजीव भाटिया, वेंडर प्रकोष्ठ के सतीश कुमार, इंटेलेक्चुअल प्रकोष्ठ की डॉ. मोनिका बी सूद, स्पोर्ट्स प्रकोष्ठ के प्रभजीत सिंह लांबा के साथ प्रकोष्ठ प्रभारी मीनाक्षी ठाकुर, पूर्वांचल प्रकोष्ठ के गोपाल शुक्ला, हिमाचल प्रदेश प्रकोष्ठ के फकीरचंद, कोऑपरेटिव प्रकोष्ठ के सुनील कुमार खोसला तथा आर्ट एवं कल्चर प्रकोष्ठ के वरुण शर्मा सहित सभी प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष ने सभी प्रकोष्ठों के कार्यों, उनकी कार्यप्रणाली एवं संगठनात्मक भूमिका पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रकोष्ठ संगठन की रीढ़ के रूप में कार्य करता है और समाज के विभिन्न वर्गों तक पार्टी की विचारधारा को प्रभावी रूप से पहुंचाने का माध्यम है।

उन्होंने सभी संयोजकों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने प्रकोष्ठों को सक्रिय, संगठित एवं परिणामोन्मुख बनाएं। प्रत्येक प्रकोष्ठ को नियमित बैठकों, जनसंपर्क अभियानों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद स्थापित कर संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

बी.एल. संतोष ने यह भी जोर दिया कि प्रकोष्ठों के कार्यों में समन्वय, अनुशासन एवं निरंतरता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति उसकी संरचना और कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता में निहित होती है, इसलिए हर कार्यकर्ता को संगठन के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए।

बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने हेतु पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

# चंडीगढ़ पुलिस में 425 पदों पर जल्द भर्ती, युवाओं के लिए कांस्टेबल और ASI बनने का मौका




चंडीगढ़/यूटर्न/26 अप्रैल। चंडीगढ़ पुलिस में सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए राहत भरी खबर है। यूटी प्रशासन ने पुलिस विभाग में 425 से अधिक पदों पर नियमित भर्ती की तैयारी शुरू कर दी है। इसमें कांस्टेबल, एएसआई, वायरलेस स्टाफ, टेलर और होमगार्ड वालंटियर्स के पद शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, भर्ती प्रक्रिया के पहले चरण में 247 कांस्टेबल पदों को भरा जाएगा। इनमें 187 पद कांस्टेबल एग्जीक्यूटिव के लिए निर्धारित किए गए हैं, जबकि 60 पद कांस्टेबल वायरलेस के लिए अलग से रखे गए हैं। इसके अलावा पुलिस विभाग ने 155 होम गार्ड वालंटियर्स की भर्ती का भी प्रस्ताव तैयार किया है। वहीं, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के 7 पद और टेलर के 2 पदों पर भी स्थायी भर्ती की जाएगी।

प्रशासन की ओर से इन पदों के लिए भर्ती नियमों को संबंधित कमेटी से मंजूरी मिल चुकी है। अब केंद्र सरकार की अंतिम स्वीकृति का इंतजार है। मंजूरी मिलते ही भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी और आधिकारिक विज्ञापन जारी होगा। सूत्रों के अनुसार, पुलिस विभाग में बड़ी संख्या में कर्मचारियों द्वारा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के कारण कई पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। इसी को देखते हुए विभाग ने जल्द भर्ती का खाका तैयार किया है। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए यह बड़ा अवसर माना जा रहा है, खासकर उन अभ्यर्थियों के लिए जो लंबे समय से चंडीगढ़ पुलिस भर्ती का इंतजार कर रहे थे।

# चार डस्टबिन के 'तुगलकी फरमान' पर भड़का विरोध, नगर निगम सदन में होगा जोरदार प्रदर्शन

## भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ ने दी चेतावनी आदेश वापस नहीं हुआ तो शहरभर में आंदोलन



अजीत झा




चंडीगढ़/यूटर्न/26 अप्रैल। नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा शहरवासियों को घरों में चार अलग-अलग डस्टबिन रखने के निर्देश जारी किए जाने के बाद इस फैसले के खिलाफ राजनीतिक और सामाजिक विरोध तेज हो गया है। निगम प्रशासन ने साफ किया है कि यदि लोगों ने इस आदेश का पालन नहीं किया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी को लेकर अब नगर निगम चंडीगढ़ की सोमवार को सदन बैठक से पहले बड़ा विरोध प्रदर्शन होने जा रहा है। चंडीगढ़ भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गोपाल शुक्ला ने नगर निगम के इस फैसले को 'तुगलकी फरमान' करार देते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह फैसला आम जनता पर अनावश्यक बोझ डालने वाला है और इससे खासतौर पर कॉलोनियों और गांवों में रहने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।

गोपाल शुक्ला ने कहा कि रविवार को होने वाली नगर निगम की सदन बैठक के दौरान उनकी धर्मपत्नी चंद्रवती शुक्ला समेत बड़ी संख्या में समर्थक नगर निगम परिसर के अंदर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान निगम कमिश्नर अमित कुमार से मांग की जाएगी कि इस आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए।

उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ की कॉलोनियों और गांवों में रहने वाले अधिकांश लोगों के घर छोटे-छोटे हैं, जहां चार अलग-अलग डस्टबिन रखना न केवल मुश्किल है, बल्कि कई परिवारों के लिए लगभग असंभव है। पहले से महंगाई, सीमित जगह और आर्थिक दबाव झेल रहे लोगों पर अतिरिक्त डस्टबिन खरीदने का बोझ डालना पूरी तरह अनुचित है।

शुक्ला ने चेतावनी दी कि यदि नगर निगम ने इस आदेश को वापस नहीं लिया, तो इस मुद्दे को लेकर शहरभर में व्यापक स्तर पर आंदोलन छेड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ जनता के साथ खड़ा है और इस जनविरोधी फैसले को किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने दिया जाएगा। इस फैसले को लेकर शहरवासियों में भी नाराजगी साफ दिखाई दे रही है। लोगों का कहना है कि स्वच्छता के नाम पर जनता पर इस तरह के आदेश थोपना गलत है। अब सभी की नजरें नगर निगम की आगामी सदन बैठक और प्रशासन की प्रतिक्रिया पर टिकी हैं, जहां यह मुद्दा बड़ा राजनीतिक रूप ले सकता है।

# वार्ड 27 में लगातार चोरी, स्थानीय लोगों ने आरोपी को रंगे हाथों दबोचा




जीरकपुर/यूटर्न/26 अप्रैल। वार्ड 27 में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पिछले तीन दिनों से जनरेटर का काम करने वाले इंदरजीत के यहां लगातार चोरी की घटनाएं हो रही थीं। एक अज्ञात चोर जनरेटर के अंदर से सेल्फ और बैटरियां निकालकर फरार हो रहा था। लगातार हो रही चोरी से सतर्क हुए इंदरजीत ने खुद निगरानी शुरू की। इसी दौरान आरोपी फिर से मौके पर पहुंचा और पहले एक बैटरी निकालकर ले गया।

कुछ समय बाद जब वह दोबारा चोरी करने लौटा, तो पहले से चौकन्ने स्थानीय लोगों ने उसे घेरकर रंगे हाथों पकड़ लिया। इस घटना ने इलाके में बढ़ते अपराधों की ओर इशारा किया है। लगातार तीन दिन तक एक ही स्थान पर चोरी होना और फिर दोबारा उसी जगह लौटना यह दर्शाता है कि अपराधियों में कानून का डर कम हो गया है। मौके पर मौजूद समाजसेवी योगेश अरोड़ा सोनी ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में क्षेत्र में अपराध की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि करीब 6-7 महीने पहले गुड्डू की हट्टी पर डकैती हुई थी, इसके बाद होटल गीत में चोरी की घटना सामने आई।

# मेले गईं दो बच्चियों से साइको किलर ने की रेप की कोशिश, एक को मारकर पेड़ से लटकाया, बच्ची को मरते हुए देख हंसता रहा कातिल

पंजाब/यूटर्न/26 अप्रैल। मोगा में 2 बच्चियों के साथ साइको किलर ने पहले रेप करने की कोशिश की, लेकिन जब वह नाकाम हुआ, तो उसने परने से एक बच्ची का गला घोंट दिया और फिर पेड़ पर लटका दिया। ये पूरा मंजर वहां मौजूद उसकी 5 साल की छोटी चचेरी बहन ने देख लिया। बच्ची ने बताया कि जब आरोपी बहन को पेड़ पर लटका रहा था, तो वह जोर-जोर से हंसता रहा। लटकाने के बाद वह उसे मरने तक तड़पते हुए देखता रहा। इस बीच जब उसने बहन को बचाने की कोशिश की, तो आरोपी उसकी ओर झपट पड़ा। वह किसी तरह उसके चंगुल से निकलर भागी और पैदल ही 3 किलोमीटर दूर घर पहुंचकर अपने पिता को घटना की सूचना दी। परिवार वाले भागते हुए घटना स्थल पर पहुंचे। इस उम्मीद में कि बच्ची जिंदा हो उसे फंदे से उतारा, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। बच्ची की मौत के बाद आरोपी मनप्रीत मौके से भाग गया था। जिसे पुलिस ने पकड़ लिया है। कोट इसे खां पुलिस मामले की जाँच कर रही है।





## घर से मेला देखने के लिए निकलीं चचेरी बहनें

गुरुवार गांव लोहारा में स्थित बाबा दामू शाह जी के स्थान पर मेला था। दोनों बच्चियों ने भी मेला देखने जाने की योजना बनाई। माता-पिता भट्ठे पर काम करने के लिए गए थे। अकेले ही दोनों बच्चियां घर से 1 किलोमीटर दूर लगे मेले में चली गईं। मेले में घूमती इन बच्चियों पर आरोपी मनप्रीत की नजर पड़ी और उनसे बात करने लगा। उसने मेले में बच्चियों को खिलौने दिलाने का झाँसा दिया और दोनों को अपनी साइकिल पर बैठाकर 1 किलोमीटर दूर एक सुनसान भट्ठे पर ले गया।

## बच्ची को गोद में लेटाकर गलत हरकतें करता रहा

भट्ठे पर पहुंचने पर आरोपी बच्चियों को ईंटो के बीच ले गया। यहां बड़ी बच्ची को अपनी गोद में बैठाकर गलत हरकतें करने लगा। गलत होने का एहसास होने पर बच्ची छटपटाई और भागने लगी तो आरोपी ने उसे पकड़ लिया। इस पर बच्ची ने चिल्लाना शुरू कर दिया। दूसरी बच्ची ये सब देखती रही। बड़ी बच्ची चुप नहीं हुई तो आरोपी ने उसका परने से गला घोंट दिया। उसे पास लगे पेड़ पर लटका दिया। इससे तड़पते हुए बच्ची की मौत हो गई। छोटी बेटी ने बताया कि जब उसकी बहन को लटकाया जा रहा था, तो आरोपी जोर-जोर से हंस रहा था।

## दूसरी बच्ची ने बचाव किया तो उसे भी पकड़ने लगा

6 साल की छोटी बच्ची ने जब बहन को बचाने की कोशिश की तो आरोपी ने उसे भी पकड़ने की कोशिश की लेकिन वो उसके हाथ से छूट गई और दौड़कर सड़क पर आ गई। गंगा पैदल ही अपने घर पहुंची और फिर वहां से 3 किलोमीटर दूर भट्ठे पर जाकर अपने माता-पिता और ताया को सूचना दी। बच्ची की बात सुनने के बाद परिवार भागकर घटना स्थल पर पहुंचा। यहां पेड़ के साथ बच्ची लटकी थी। पिता ने उसे तुरंत नीचे उतारा। उसकी नब्ज जांची तो बच्ची की सांस थम चुकी थी। डीएसपी धर्मकोट सुखविंदर सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान मनप्रीत सिंह उर्फ रिंकू निवासी गगड़ा, उम्र करीब 24 वर्ष, के रूप में हुई है। उसे घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

# धमाके के साथ फटा मोबाइल: जगरांव में टला बड़ा हादसा, दोस्त की सूझबूझ ने बचाई दुकान



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/26/अप्रैल। बढ़ती गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में ब्लास्ट की खबरें चिंता बढ़ा रही हैं। ताजा मामला जगरांव के 'मढ़िया इलेक्ट्रिकल्स' से सामने आया है, जहाँ मरम्मत के लिए आए एक पुराने मोबाइल की बैटरी में अचानक जोरदार धमाका हो गया। अगर सही समय पर सूझबूझ न दिखाई जाती, तो पूरी दुकान राख हो सकती थी।

## कैसे हुआ हादसा ?

दुकान के मालिक मनी मढ़िया ने बताया कि बीते शाम वह अपने दोस्त अमित शर्मा के साथ दुकान पर बैठे थे। तभी काउंटर पर रखे एक ग्राहक के पुराने मोबाइल से अचानक चिंगारियां (स्पार्किंग) निकलने लगीं।

'इससे पहले कि हम संभल पाते, फोन से भयंकर धुंआ और आग की लपटें निकलने लगीं। स्थिति बिगड़ती देख अमित ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत जलते हुए फोन को उठाकर दुकान से बाहर फेंक दिया।'

## बाहर गिरते ही हुआ जोरदार धमाका:-

जैसे ही मोबाइल को बाहर सड़क पर फेंका गया, वह एक जोरदार धमाके के साथ फट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धमाका इतना तेज था कि मोबाइल के परखच्चे उड़ गए।

## बड़ा नुकसान होने से बचा

मनी मढ़िया ने बताया कि शाम का समय था और वे दुकान बढ़ाने (बंद करने) की तैयारी में थे। उन्होंने कहा: यदि अमित मोबाइल को बाहर न फेंकता, तो दुकान में मौजूद अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान में आग लग सकती थी।

**गनीमत:** यदि यह हादसा दुकान बंद होने के बाद रात में होता, तो पूरे शोरूम में भीषण आग लग सकती थी और भारी जानी-माली नुकसान हो सकता था।

## मोबाइल ब्लास्ट से कैसे बचें ?

गर्मियों में मोबाइल की बैटरी फटने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इनसे बचने के लिए इन बातों का ध्यान रखें:

**पुराने फोन का ध्यान:** अगर बैटरी फूल रही हो या फोन ज्यादा गर्म हो रहा हो, तो उसे तुरंत रिपेयर कराएं या इस्तेमाल बंद कर दें।

# प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी आग, स्थानीय लोगों ने अवैध संचालन का आरोप लगाया

खन्ना/यूटर्न/26 अप्रैल। खन्ना शहर में रविवार सुबह कब्जा फैक्ट्री रोड स्थित एक रिहायशी इलाके में प्लास्टिक फैक्ट्री में आग लग गई। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार देखकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। सूचना पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। आग पर काबू पाने के लिए फायर कर्मियों को काफी प्रयास करना पड़ा। लंबे प्रयासों के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया। फैक्ट्री में रखा प्लास्टिक और अन्य ज्वलनशील सामान तेजी से आग की चपेट में आ गया, जिससे काफी नुकसान हुआ है।

## अवैध चल रहीं फैक्ट्रियां पर शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं



मोहल्ला निवासी शशि वर्धन ने बताया कि आग सुबह करीब 7 से 7 :30 बजे के बीच लगी। उन्होंने यह भी बताया कि फैक्ट्री के आसपास घनी आबादी है। एक अन्य स्थानीय निवासी अवतार मोरिया ने आरोप लगाया कि इस रिहायशी इलाके में कई फैक्ट्रियां अवैध रूप से चलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मोहल्ला वासियों ने इस संबंध में कई बार नगर कौंसिल को शिकायतें दी हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## फायर ब्रिगेड के देर से पहुंचने का आरोप

दूसरी ओर, फैक्ट्री मालिक संजय ने फायर ब्रिगेड पर देरी से पहुंचने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि यदि टीम समय पर पहुंच जाती तो नुकसान कम हो सकता था। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनकी फैक्ट्री के पास सभी आवश्यक एनओसी और अनुमति पत्र मौजूद हैं। फायर अधिकारी दमनप्रीत के अनुसार, उन्हें टेलीफोन के माध्यम से आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद तुरंत टीम को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और स्थिति नियंत्रण में है।

# पंजाब में टेंपरेचर 45 डिग्री पार, तड़के से ही लुधियाना-जालंधर समेत कई शहरों में कट, लोग गर्मी से परेशान

पंजाब/यूटर्न/26 अप्रैल। पंजाब में एक ओर जहां टेंपरेचर 45 डिग्री पार होने से भीषण गर्मी पड़ रही है, वहीं कई शहरों में पावर कट से लोग काफी परेशान हैं। बिजली विभाग के पावर कट न लगने के दावे भी फेल साबित हो रहे हैं। रविवार सुबह 6 बजे से जालंधर और पठानकोट में फिर से बिजली गुल रही। वहीं, लुधियाना में kai इलाकों में 2 घंटे के कट के बाद भी बिजली के कट जारी है। उधर, मौसम विभाग ने भी 27 अप्रैल से 30 अप्रैल तक हीट वेव, वार्म नाइट का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक घर से कम निकलें और खाने-पीने व सेहत का खास ध्यान रखें।



बता दें कि देर रात बिजली विभाग ने कटों पर रोक लगाने की बात कही थी। 30 अप्रैल तक 11 'श और उससे ऊपर के किसी भी काम (PTW) की अनुमति बिना जोनल ऑफिस की लिखित मंजूरी के नहीं दी जाएगी। आदेश में कहा गया था कि पहले से तय सभी शटडाउन तुरंत रद्द कर दिए गए हैं। सभी फील्ड अधिकारी तुरंत चल रहे काम बंद करें और बिजली सप्लाई जल्द से जल्द बहाल करें। इन निदेशों का सख्ती से पालन करें और इसे सबसे ज्यादा प्राथमिकता दें।

**12,130 मेगावाट तक पहुंची बिजली डिमांड...**शुक्रवार को पंजाब में बिजली की डिमांड 12,130 मेगावाट तक पहुंच गई थी। जिसके बाद पंजाब ने सेंट्रल पूल से 7 हजार मेगावाट बिजली खरीदी। वहीं पंजाब में 5100 मेगावाट बिजली पैदा की गई। इसके बावजूद पावरकॉम डिमांड पूरी नहीं कर पा रहा है। सबसे बड़ी टेंशन पावरकॉम के टेक्निकल स्टाफ को लेकर हो गई है। टेक्निकल स्टाफ सिर्फ वही काम कर रहा है, जो उनके प्रोफाइल में है। वह अतिरिक्त कोई काम नहीं कर रहे, जिससे फीडर ट्रिप होने के बाद ठीक होने में काफी टाइम लग रहा है। वह सिर्फ 8 घंटे की ही ड्यूटी कर रहे हैं। उनकी हड़ताल 25 मई तक की है।

Uturn Time 27 Apr 2026_Layout 2 26-04-2026 22:49 Page 10



# सिद्धवां बेट थाने के बाहर 30 अप्रैल को विशाल रोस मार्च व धरनाः सरपंच और साथी पर जानलेवा हमले के बावजूद पुलिस की सुस्ती से भड़का रोष

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/26/अप्रैल। सीमांकन विवाद के बाद गांव गोरसियां खान मोहम्मद के सरपंच और उनके साथी पर हुए खूनी हमले ने अब तूल पकड़ लिया है। सत्ताधारी दल के कथित दबाव और पुलिस की ढीली कार्रवाई के खिलाफ कुल हिंद खेत मजदूर यूनियन की तरफ से 30 अप्रैल को सिद्धवां बेट मैं विशाल रोज मार्च करते हुए सिधवा पेट में थाने के समक्ष धरना देने का ऐलान किया है जिसमें पार्टी के प्रमुख नेता बड़े पैमाने पर शिरकत करेंगे।



## मामला क्या है ?

बीते हफ्ते प्रशासन द्वारा खदान की पैमाइश (सीमांकन) की गई थी, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि खदान जालंधर के गांव उमरोवाल बघेला के दायरे में ही है और वैध रूप से चल रही है। प्रशासन का यह फैसला सत्ताधारी दल के कुछ नेताओं और उनके समर्थकों को रास नहीं आया। अधिकारियों के मौके से निकलते ही हमलावरों ने गांव के सरपंच जगदेव सिंह और उनके गुरसिंख गुरदीप सिंह पर जानलेवा हमला कर गंभीर जख्मी कर दिया था।

## पुलिस की भूमिका पर उठे गंभीर सवाल

इस पूरे घटनाक्रम में पुलिस की कार्यप्रणाली सबसे बड़े संदेह के घेरे में है।

**पूर्व सूचना के बाद भी नदारदः** माइनिंग विभाग ने संघर्ष की आशंका जताते हुए पहले ही पुलिस फोर्स की मांग की थी, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची।

**कार्रवाई में ढीलः** पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों के सत्ताधारी दल से जुड़े होने के कारण पुलिस हाथ डालने से कतरा रही है।

**बेअदबी और अपमानः** आरोप है कि मारपीट के दौरान सिख युवक की दस्तार (पगड़ी) की भी बेअदबी हुई, जिससे सिख संगठनों में भारी रोष है।

**30 अप्रैल को होगा आर-पार का संघर्ष...**देहाती मजदूर सभा के जिला प्रधान कॉमरेड बलजीत सिंह गोरसिया, पार्टी नेताओं और उनके साथियों ने जगराओं पार्टी के दफ्तर में की गई एक अहम मीटिंग करते हुए चेतावनी दी है कि पुलिस आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष और पनग्रेन के अध्यक्ष तेजपाल सिंह गिल के रसूख के आगे घुटने टेक चुकी है। उन्होंने कहाः एक तरफ सरपंच और आम नागरिक को सरेआम लहूलुहान किया गया और दूसरी तरफ पुलिस दोषियों को बचाने में लगी है। जब तक दोषियों पर सख्त धाराओं के तहत मामला दर्ज नहीं होता, 30 अप्रैल को थाने का घेराव जारी रहेगा।₹ जगरांव में की गई इस मीटिंग में प्रदेश उपाध्यक्ष हरपाल सिंह, राज्य कमेटी मेंबर बलजीत सिंह गोसिया, पाल सिंह भूमिपुरा और बलविंदर सिंह, बूटा सिंह, जिला सेक्रेटरी जगजीत सिंह डांगिया, ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर बलवीर सिंह जल्लादीवाल और अन्य साथी मौजूद थे।

# गुरुद्वारा परिसर में सेवादार की पत्नी से मारपीट, अभद्र व्यवहार का आरोप

जीरकपुर/यूटर्न/26 अप्रैल। जीरकपुर के पटियाला रोड पर ए.के.एस कॉलोनी के पास स्थित एक गुरुद्वारा सहिब में सेवादार की पत्नी के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। पीड़िता हरविंदर कौर (50) ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने न केवल उसके साथ गंदे इशारे किए, बल्कि विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की।



जानकारी के अनुसार, घटना 23 अप्रैल की शाम की है। उस समय पीड़िता घर पर अकेली थी। इसी दौरान हरबंस सिंह नाम का व्यक्ति वहां पहुंचा और कथित तौर पर महिला के साथ अभद्र हरकतें करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ हाथापाई की, जिससे वह घायल हो गई।

पीड़िता के पति और गुरुद्वारे में सेवादार चरणजीत सिंह ने बताया कि घटना के बाद वह अपनी पत्नी को तुरंत ढकोली के अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे सेक्टर-32 स्थित सरकारी अस्पताल, चंडीगढ़ रेफर कर दिया।

इस मामले में जब डॉक्टर सुधांशु से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पीड़िता हरविंदर कौर रात करीब 10 बजे अस्पताल पहुंची थी। प्रारंभिक जांच के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सेक्टर-32 अस्पताल चंडीगढ़ रेफर किया गया।

# नगर निगम चंडीगढ़ की बड़ी कार्रवाईः अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान, 92 चालान काटे








चंडीगढ़/यूटर्न/26 अप्रैल। सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में नगर निगम चंडीगढ़ ने शुक्रवार को शहर के कई इलाकों में व्यापक एंटी-एनक्रोचमेंट अभियान चलाया। इस दौरान अवैध कब्जों और सड़क किनारे किए गए अतिक्रमणों पर सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 92 चालान किए गए।

नगर निगम की प्रवर्तन टीमों ने सेक्टर-25 श्मशान घाट के आसपास, सेक्टर-41 किरयाना मार्केट और शोरूम बेल्ट, सेक्टर-23 मार्केट तथा सेक्टर-13 के एमएम एरिया में विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान अवैध वेंडरों को हटाया गया और व्यस्त बाजारों के कॉरिडोर को खाली करवाया गया, ताकि पैदल चलने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण पर विशेष ध्यान देते हुए पांच टेंपो ट्रैवलर और तीन कार रिपेयर यूनिट्स को भी हटाया गया, जो सार्वजनिक सड़कों पर अवैध रूप से कब्जा किए हुए थे।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, कुल 92 उल्लंघनों पर चालान जारी किए गए। यह पूरा अभियान पांच सैनिटरी इंस्पेक्टरों (SIEs) की निगरानी में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर में सार्वजनिक सुविधाओं और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# जनता नगर में जनसंवाद बैठक में उमड़ा जनसैलाब, कई परिवार आप में शामिल



बठिंडा/यूटर्न/26 अप्रैल। जनता नगर में आयोजित जनसंवाद बैठक के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। इस कार्यक्रम की अगुवाई पूर्व मेयर पदमजीत सिंह मेहता और पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के प्रधान अमरजीत मेहता ने की। बैठक में क्षेत्र के लोगों की भारी भागीदारी देखने को मिली। पूर्व मेयर पदमजीत सिंह मेहता ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब 'रंगला पंजाब' की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि अधिकांश घरों का बिजली बिल शून्य आ रहा है, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में बड़े सुधार हुए हैं तथा मुफ्त इलाज योजनाएं लागू की गई हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि सड़क सुरक्षा फोर्स की तैनाती से हादसों में कमी आई है और हजारों युवाओं को बिना रिश्वत सरकारी नौकरियां मिली हैं। नशा विरोधी अभियान के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है। अमरजीत मेहता ने जनता नगर में एकता की सराहना करते हुए बताया कि 63 करोड़ रुपये की लागत से सीवरेज प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा। उन्होंने लोगों से समर्थन बनाए रखने की अपील की ताकि बठिंडा का विकास तेज गति से आगे बढ़ सके।

# खुद को MBBS डॉक्टर बताकर युवती को फंसाया, दुष्कर्म और ब्लैकमेल के आरोप में युवक गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/26 अप्रैल। सिर्फ 10वीं पास एक युवक ने खुद को एमबीबीएस डॉक्टर बताकर आईटी कंपनी में कार्यरत एक युवती को प्रेमजाल में फंसा लिया। विदेश में सेटल कराने और बेहतर भविष्य का सपना दिखाकर उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया और उसके बैंक खाते से लाखों रुपये भी ठग लिए।

मामले में पुलिस ने हरियाणा के करनाल जिले के गांव सतरी निवासी 30 वर्षीय अंकित शर्मा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ चंडीगढ़ के मनीमाजरा क्षेत्र में रहने वाली 22 वर्षीय युवती ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी आरोपी से पहचान इंटरनेट मीडिया के जरिए हुई थी। बातचीत के दौरान अंकित ने खुद को MBBS डॉक्टर बताया और भरोसा जीत लिया। उसने युवती को विदेश भेजने और वहां बसाने का झांसा दिया। आरोप है कि इसी बहाने उसने युवती को एक होटल में बुलाया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया और बाद में उसी वीडियो के जरिए उसे लगातार ब्लैकमेल करता रहा। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने धोखे से युवती के बैंक खाते से 1 लाख 20 हजार रुपये अपने खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। इंडस्ट्रियल एरिया थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

Uturn Time 27 Apr 2026_Layout 2 26-04-2026 22:49 Page 11



# चल फिरकर वीजा लगाने वाली महिला एजेंट समेत तीन लोगों पर केस दर्ज, जर्मनी भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

पंजाब/यूटर्न/26 अप्रैल। मोहाली में जर्मनी भेजने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी मारने के आरोप में पुलिस ने एक महिला एजेंट सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़ित से पैसे ऐंठ लिए, लेकिन न तो वीजा लगवाया और न ही उसका पासपोर्ट लौटाया। पुलिस ने परमिंदर कौर के खिलाफ थाना जीरकपुर में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बनूड़ निवासी शिकायतकर्ता गगनदीप सिंह ने पुलिस को बताया कि उसने जर्मनी जाने के लिए जीरकपुर स्थित ग्रीन लोटस सक्षम अपार्टमेंट की निवासी परमिंदर कौर के माध्यम से फाइल लगाई थी। आरोपी ने कुल 17 लाख रुपए का खर्च बताया और 8 लाख रुपए एडवांस मांगे थे। गगनदीप सिंह के अनुसार, भरोसा दिलाने के बाद परमिंदर कौर ने उनसे अलग-अलग किस्तों में पैसे लिए। पीड़ित ने लगभग 5 लाख रुपए के लेन-देन के सबूत भी पुलिस को सौंपे हैं। पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने उन्हें जुलाई 2024 में फ्लाइट की तारीख भी दे दी थी और तैयारी करने को कहा था। हालांकि, बाद में आरोपी ने उनसे संपर्क तोड़ लिया और उनके मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिए।




### चल फिरकर महिला लगाती थी वीजा

जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी परमिंदर कौर ने पीड़ित का पासपोर्ट अपने पास ही रख लिया था और उसे वापस नहीं किया। इस मामले की जांच एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (AHTU) द्वारा की गई। अल्छव की जांच रिपोर्ट में सामने आया कि आरोपी महिला अपने घर से ही लोगों को विदेश भेजने के नाम पर ठगी करती थी। उसके पास कोई अधिकृत इमिग्रेशन दफ्तर नहीं था।

# जीरकपुर फ्लाईओवर पर अनियंत्रित कार डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में घुसी





जीरकपुर/यूटर्न/26 अप्रैल। जीरकपुर फ्लाईओवर पर रविवार को एक गंभीर सड़क हादसा सामने आया, जिसने कुछ समय के लिए पूरे इलाके की यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर दिया। डेराबस्सी से चंडीगढ़ की ओर जा रही एक पोलो कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए दूसरी लेन में पहुंच गई। कार में पांच लोग सवार बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फ्लाईओवर पर चलते समय अचानक एक साइकिल सवार सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने तेजी से गाड़ी मोड़ी, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया। नियंत्रण खोने के बाद कार डिवाइडर से टकराई और उसे पार करते हुए विपरीत दिशा में जा घुसी। गनीमत रही कि उस समय सामने से आ रहा यातायात धीमा था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हादसे में कार में सवार एक बुजुर्ग महिला को चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत मदद करते हुए घायल महिला को संभाला और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था करवाई। अन्य सवारों को भी मामूली चोटें आने की जानकारी मिली है, हालांकि किसी के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि नहीं हुई है। घटना के तुरंत बाद फ्लाईओवर के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। वाहनों की कतारें दूर तक लग गईं, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित करते हुए यातायात बहाल करने का प्रयास किया। करीब कुछ समय की मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटाया गया, जिसके बाद धीरे-धीरे ट्रैफिक सामान्य हो सका।

# बठिंडा पुलिस ने 04 अवैध हथियारों सहित 02 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया

## केस नंबर 92 तारीख 25-4-2026 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना सिटी रामपुरा

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/26 अप्रैल। श्री गौरव यादव IPS। माननीय DGP पंजाब, श्री हरजीत सिंह IPS के दिशा-निर्देशों के तहत। बठिंडा रेंज बठिंडा, बठिंडा पुलिस के मार्गदर्शन में, गैंगस्टरों और अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी कड़ी के तहत, डॉ ज्योति यादव बैंस IPS। SSP बठिंडा, श्री जसमीत सिंह साहीवाल PPS के मार्गदर्शन में। कप्तान पुलिस जांच बठिंडा, श्री मनोज कुमार PPS। उप पुलिस अधीक्षक पुलिस सब डिवीजन फूल जी के नेतृत्व में, गैंगस्टरों और अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत, मुख्य अधिकारी पुलिस स्टेशन सिटी रामपुरा की टीम ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करके और उनके कब्जे से 03 पिस्तौल .32 बोर सहित 06 जिंदा कारतूस और एक पिस्तौल .315 बोर



कल, 25-4-2026 को, थाना सिटी रामपुरा की पुलिस पार्टी संदिग्ध लोगों के सिलसिले में वेटरनरी कॉलेज रामपुरा पहुँची, तो जंगल से दो युवक आते दिखे। पुलिस पार्टी को देखकर उन्होंने मोटरसाइकिल मोड़ना चाहा, लेकिन मोटरसाइकिल रुक गई। शक के आधार पर उन्हें पकड़कर तलाशी ली गई, जिसमें 04 हथियार और 08 राउंड बरामद हुए। इन लोगों संदीप सिंह पुत्र चरणजीत सिंह निवासी भगता भाईका, जिला बठिंडा और जसविंदर सिंह पुत्र मक्खन सिंह निवासी हमीरगढ़, जिला बठिंडा ने पूछताछ में बताया कि संदीप सिंह ने पिस्टल मध्य प्रदेश के राजवीर सिंह नाम के व्यक्ति से 50 हजार रुपये में खरीदी थी। जसविंदर सिंह 32 बोर की पिस्टल आकाशदीप सिंह निवासी भगता भाईका से लाया था। संदीप सिंह का गाँव में बग्गी सिंह पुत्र नानक सिंह से झगड़ा था, जिसे मारने के लिए उसने ये पिस्टल खरीदी थीं, अगर वे पकड़े नहीं जाते, तो इनसे कोई जान का नुकसान हो सकता था।

इन्स: हरबंस सिंह चीफ ऑफिसर पुलिस स्टेशन सिटी रामपुरा को बड़ी कामयाबी मिली जब 02 लोगों से 04 गैर-कानूनी हथियार और 08 राउंड बरामद किए गए।

# डीएम रंधावा सुसाइड केस की जांच से परिवार नाखुश, अब हाईकोर्ट का करेंगे रुख; कहा-पुलिस जांच पर भरोसा नहीं

अमृतसर/यूटर्न/26 अप्रैल। अमृतसर में आत्महत्या करने वाले वेयरहाउस के डीएम गगनदीप रंधावा के परिवार ने रविवार प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने एक बार फिर इंसाफ की मांग दोहराई। परिवार ने आरोप लगाया कि घटना को 35 दिन बितने के बावजूद अब तक न्याय की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। मृतक की पत्नी उपिंदर कौर ने कहा अब हम हाईकोर्ट का रुख करेंगे। परिवार का कहना है कि पुलिस ने केवल एक आरोपी को गिरफ्तार कर मामले को सीमित करने की कोशिश की है, जबकि कई अन्य आरोपी अब भी खुले घूम रहे हैं। उन्होंने पुलिस जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा कि पूरी जांच प्रक्रिया पक्षपातपूर्ण लग रही है और सच्चाई को सामने नहीं लाया जा रहा।




**हमारा किसी दल से संबंध नहीं...** उपिंदर कौर ने यह भी कहा कि कई राजनीतिक नेता परिवार से मिलने आए थे और मदद का भरोसा दिया था, लेकिन अब एक दो ही है जो यह बात करते है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका किसी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है और उनकी एकमात्र मांग न्याय है। उपिंदर कौर ने कहा कि उन्हें पुलिस पर भरोसा नहीं है, क्योंकि अब तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

**CBI जांच और हाईकोर्ट जाने की घोषणा...** परिवार ने अंत मामले की जांच केंद्रीय जांच एजेंसी उडकसे कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक सभी आरोपी गिरफ्तार नहीं होते और निष्पक्ष जांच नहीं होती, वे अपनी लड़ाई जारी रखेंगे और अब हम इस मामले में हाईकोर्ट का रुख करेंगे।



# हाईटेक सॉफ्टवेयर से लैस होगी पंजाब पुलिस, चेहरा डिटेक्ट कर तुरंत दिखेगा व्यक्ति का अपराधिक डेटा, खुलेआम घूम रहे अपराधियों पर कसेगा शिकंजा

राजदीप सिंह सैनी
पंजाब/यूटर्न/26 अप्रैल। पंजाब पुलिस की और से अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए एक नई पहल की है। जिसमें पंजाब पुलिस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए अब मौके पर ही अपराधियों का चेहरा स्कैन करके पकड़ सकती है। इसके लिए फेशियल रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी शुरू कर गई है। इससे पुलिस अपराधियों को ऑन दा स्पॉट डिटेक्ट करेगी और अगर आपराधिक रिकॉर्ड हुआ तो पकड़ लिया जाएगा। इस टेक्नोलॉजी की शुरूआत मोहाली में कर दी गई है। जहां पुलिस जांच के दौरान आरोपी खुद के रिकॉर्ड के बारे में नहीं बता रहा था, लेकिन जब स्पाइस आईडी में उसके चेहरे को स्कैन किया गया तो उसका आपराधिक रिकॉर्ड सामने आ गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।




## थानों में लेजाकर रिकॉर्ड खंगालने का झंझट होगा खत्म

पहले पुलिस को अगर रास्ते में या नाकाबंदी के दौरान कोई शकी व्यक्ति मिलता था, तो उसे थाने ले जाकर जांच करनी पड़ती थी। पुलिस को इसके लिए सभी थानों का रिकॉर्ड खंगालना पड़ता था, तो कई बार व्यक्ति से ही उसका आपाधिक रिकॉर्ड पता करना पड़ता था। लेकिन अब यह झंझट खत्म होगा और पुलिस चंद मिनटों में व्यक्ति का पूरा डेटा अपने सामने पाएगी।

## हर पुलिस टीम को दी गई है डिवाइस

मोहाली के डीएसपी हरसिमरन सिंह बल ने बताया कि वह खुद नाके के दौरान मौके पर मौजूद थे। उन्हें इस व्यक्ति पर शक हुआ तो उसकी जांच की गई थी। जांच के दौरान ही उसके आपराधिक रिकॉर्ड के बारे में पता चला।

## ऐसे काम करता है यह सिस्टम

पुलिस ने एआई टेक्नोलॉजी पर आधारित एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है, जिसमें अलग-अलग जेलों में बंद सभी अपराधियों की फोटो लेकर उनकी डिटेल डाली गई है। इसी के साथ पंजाब पुलिस के रिकॉर्ड में दर्ज अन्य अपराधियों की जानकारी और फरार आरोपियों का डेटा भी अपलोड किया गया है। उदाहरण के तौर पर अगर पुलिस रास्ते में किसी व्यक्ति महिला या पुरुष को शक के आधार पर रोकती है तो उक्त सॉफ्टवेयर ऑन करके उसमें व्यक्ति का चेहरा स्कैन किया जाएगा। सॉफ्टवेयर अपराधी के असली फोटो के साथ-साथ आंखों के बीच की दूरी, नाक की बनावट, चेहरे के अन्य बिंदुओं आदि की भी पहचान कर कोड बना लेता है। इसके बाद उक्त फोटो पुलिस रिकॉर्ड में सर्च होगी। अगर व्यक्ति कुख्यात अपराधी या वाटेंड हुआ तो वे सॉफ्टवेयर में दिखने लगेगा। जिसके बाद उसे पकड़ा जा सकता है। वहीं अगर कोई वांटेड नहीं है, लेकिन उस पर मामले दर्ज है तो वह भी पता चल जाएगा। इसके लिए पुलिस को टीस्कोप जैसे मोबाइल ऐप दिए गए हैं।

## नाकेबंदी के दौरान हुई युवक की पहचान



पुलिस ने शनिवार रात मोहाली में नाकेबंदी कर रखी थी। इस दौरान पुलिस को एक संदिग्ध युवक जाता हुआ दिखाई दिया। जब उसे रोका गया तो उसने अपना नाम गलत बताया, लेकिन पुलिस को उस पर शक हो गया। इसके बाद पुलिस ने फेशियल रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर उसका रिकॉर्ड निकाला तो पता चला कि उस पर पहले से 2 मुकदमे दर्ज हैं। ये दोनों मुकदमे बठिंडा में दर्ज हैं, जिनमें एक नशा तस्करी और दूसरा लड़ाई-झगड़े का मुकदमा है। वह अभी 2 महीने पहले ही जमानत पर बाहर आया था। हालांकि पुलिस ने उससे पूछताछ और जांच के बाद उसे छोड़ दिया।

# पीजीआई के प्रो. जितेंद्र कुमार साहू बने एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष

चंडीगढ़/यूटर्न/26 अप्रैल। पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ के पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी यूनिट के प्रो. जितेंद्र कुमार साहू को एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी (AOPN), इंडिया का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह घोषणा पीजीआईएमईआर में आयोजित पीडियाट्रिक एपिलेप्सी रिसर्च संगोष्ठी के दौरान की गई।

पीजीआईएमईआर के पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी यूनिट और एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी, इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस विशेष संगोष्ठी ने शिशुओं में मिर्गी (इंफेंटाइल स्पाज्म्स) पर 25 वर्षों के शोध को समर्पित किया। यह आयोजन इस क्षेत्र में पीजीआईएमईआर के योगदान का महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण औपन के नए बोर्ड सदस्यों की स्थापना रही, जिसमें प्रो. जितेंद्र कुमार साहू को औपचारिक रूप से राष्ट्रीय चेयरपर्सन की जिम्मेदारी सौंपी गई। अपने संबोधन में प्रो. साहू ने संस्था की सोच



"Every Child's Brain Matters, Everywhere" को दोहराते हुए कहा कि बच्चों के लिए समान और बेहतर न्यूरोलॉजिकल देखभाल सुनिश्चित करना AOPN का मुख्य उद्देश्य है।

समारोह में पीजीआईएमईआर के निदेशक प्रो. विवेक लाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि इंटरनेशनल चाइल्ड न्यूरोलॉजी एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रो. प्रतिभा सिंघी विशिष्ट अतिथि रहीं। इस अवसर पर AOPN के नेशनल कोऑर्डिनेटर डॉ. अनुप वर्मा, सेक्रेटरी जनरल डॉ. विनीत वानखेड़े, आयोजन अध्यक्ष प्रो. नवीन सांख्यान, आयोजन सचिव डॉ. प्रियंका मदान सहित देशभर से कई विशेषज्ञ और बोर्ड सदस्य मौजूद रहे। देश में अपनी तरह की पहली इस पीडियाट्रिक एपिलेप्सी रिसर्च संगोष्ठी में 130 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट छात्र, फैकल्टी सदस्य और पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी, न्यूरोरेडियोलॉजी, फार्मेसी, फामाकोलॉजी, इंजीनियरिंग, नर्सिंग और बेसिक साइंसेज से जुड़े विशेषज्ञ शामिल हुए।

# जब झाडू के तिनके बिखरने लगते हैं



संदीप शर्मा, सम्पादक

चंडीगढ़। कुछ लोग डर के साए में मुरझा गए, कुछ सत्ता की चमक देखकर फिसल गए; एक-एक करके, झाड़ू से तिनके झड़ते चले गए। डर और लालच ये दो बुनियादी ताकतें, लंबे समय से राजनीतिक व्यवहार को आकार देती आई हैं। अनिश्चितता के पलों में, ये फैसले अचानक बदल सकती हैं, यहाँ तक कि उन लोगों के भी, जो कभी बेहद मजबूती से टिके हुए लगते थे। कई जानकार अब इसी नजरिए से आम आदमी पार्टी के कुछ राज्यसभा सदस्यों की बदलती वफादारियों को समझने की कोशिश कर रहे हैं। तनाव के शुरूआती संकेत राघव चड्ढा के पार्टी से दूर होने में दिखाई दिए; 2024 में मेडिकल कारणों से उनकी लंदन यात्रा को राजनीतिक गलियारों में, एक सामान्य गैर-हाज़िरी से कहीं ज्यादा कुछ और ही समझा गया। लगभग उसी समय, स्वाति मालीवाल के भी पार्टी से मतभेद सामने आए, जिससे इस बात को और बल मिला कि पार्टी के भीतर की एकजुटता पर दबाव पड़ रहा है।

फिर धीरे-धीरे बिखराव शुरू हो गया। अशोक मित्तल, राजिंदर गुप्ता, संदीप पाठक और विक्रमजीत सिंह साहनी जैसी हस्तियाँ पार्टी के दायरे से बाहर निकल गईं। मित्तल के मामले में, राजनीतिक चचाओं में बार-बार यह बात सामने आई है कि उनके इस कदम के पीछे की पृष्ठभूमि में जाँच एजेंसियों की सख्ती, जिसमें उनके व्यावसायिक हितों से जुड़े ठिकानों पर पड़े छापे भी शामिल हैं, की भूमिका हो सकती है; हालाँकि, किसी भी व्यक्ति के फैसले के पीछे की असली वजह तो वही व्यक्ति खुद ही जानता है। उन्हें 2 अप्रैल को राज्यसभा में पार्टी का उप-नेता बनाया गया था। 15 अप्रैल को एऊके छापे शुरू हुए और 23 अप्रैल को वे इखढ में शामिल हो गए। अगर यह डर की वजह से हुआ, तो कुछ अन्य लोग लालच या फिर किसी संभावित मुसीबत से बचने के उपाय के तौर पर पार्टी छोड़कर चले गए। उदाहरण के लिए, पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह का मामला बिल्कुल अलग है। हरभजन सिंह के बारे में अक्सर यह माना जाता है कि उनके पास खोने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है, बल्कि पाने के लिए बहुत कुछ है, उनके इस बदलाव को किसी मजबूरी के बजाय, इस आकलन के आधार पर देखा जाता है कि राजनीतिक हवा किस तरफ बह रही है।

इसी तरह, सुशील गुप्ता और अन्य लोग भी एक ऐसे पैटर्न को पुख्ता करते हैं, जिसे अब नजरअंदाज करना नामुमकिन सा लगता है। चाहे इसके पीछे दबाव हो, व्यावहारिकता हो, या फिर महज राजनीतिक अस्तित्व को बचाने की कोशिश हो, इसका सामूहिक परिणाम एक ही है: वह समूह, जिसे कभी एक मजबूत और एकजुट गुट के तौर पर पेश किया गया था, अब धीरे-धीरे कमजोर पड़ता जा रहा है। इखढ के लिए यह बिना किसी खास मशक्कत के मिला हुआ एक फायदा है। उसे किसी बड़े और नाटकीय दलबदल की जरूरत नहीं है; उसे तो बस विरोधी खेमे में दिख रहे इस बिखराव यानी, उस खेमे के भीतर की आपसी पकड़ के धीरे-धीरे कमजोर पड़ने से ही पूरा फायदा मिल रहा है। आप का चुनाव चिह्न हमेशा से ही उसका सबसे सशक्त प्रतीक रहा है। एक झाड़ू, जो तभी असरदार होती है, जब उसके सारे तिनके एक साथ मिलकर रहते हैं।

लेकिन राजनीति जोड़ने वाली ताकतों की परीक्षा लेती है। और जब ये ताकतें कमजोर पड़ने लगती हैं। चाहे डर की वजह से हो, महत्वाकांक्षा के कारण, या बदलते समीकरणों के चलते तो यह बिखराव शायद ही कभी शोर-शराबे के साथ होता है। यह खामोशी से, धीरे-धीरे और, एक-एक करके, निर्णायक रूप से होता है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372